


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 122/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
आर.एन.आई 22296/71 डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 08 दिसंबर 2023 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in


## लालदुहोमा ने मिजोरम के सीएम पद की शपथ ली



**आईजोल।** मिजोरम में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद जोरम पीपुल्स मूवमेंट के नेता लालदुहोमा राज्य के नए मुख्यमंत्री बन गए हैं। लालदुहोमा ने शुक्रवार सुबह 11 बजे आइजोल के राजभवन में राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति के सामने ष्टरूपद की शपथ ली। इसके अलावा अन्य दो नेताओं के सपदंगा और वनलालहलाना ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

# पीएम मोदी बोले- मेरे तीसरे कार्यकाल में दुनिया की टॉप-3 इकोनॉमी में आएगा भारत

**देहरादून।** उत्तराखंड में आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने बड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि मैं देशवासियों को भरोसा दिलाता हूं कि मेरे तीसरे कार्यकाल में देश, दुनिया के टॉप 3 इकॉनमी में आकर रहेगा। पीएम मोदी ने अगले आम चुनाव को लेकर भी ये इशारा किया है। उत्तराखंड में दो दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन में देश-दुनिया के 5000 से अधिक निवेशक और प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। राज्य में विभिन्न सेक्टर में निवेश के लिए अभी तक तीन लाख करोड़ रुपये के एमओयू हो चुके हैं। वहीं तीन विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद पीएम मोदी पहली बार उत्तराखंड पहुंचे हैं।

उत्तराखंड में नरेंद्र मोदी ने निवेशकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र के प्रयासों के बीच राज्य सरकार भी छोटी आबादी के लिए काम कर रही है। दिल्ली



देहरादून एक्सप्रेसवे से दूरी 2.5 घंटे की होने जा रही है। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन से रेल कनेक्टिविटी आसान होने जा रही है। हम सीमावर्ती गांवों को विकसित करने जा रहे हैं। हर निवेशक के लिए यहां बहुत सम्भावनाएं हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिसमें दम हो, मैदान में आ जाएं, फायदा उठा लें। मैं गारंटी देता हूं कि जो बातें हम बताते हैं उन्हें पूरा कराने के लिए हम खड़े भी रहते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन के एक पहलू को बनाने में इस धरती का बड़ा योगदान है। कहा कि अगर उसे कुछ लौटाने का अवसर मिलता है तो उसका आनंद भी कुछ और होता है। आइये इस पवित्र धरती में चल पड़िए। आपके काम में कभी कोई बाधा नहीं आएगी। हमारा देश नई ऊर्जा के साथ खड़ा हो सकता है।

### सीएम धामी बोले- निवेशक के लिए उत्तराखंड में अच्छी आबोहवा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि निवेशक के लिए उत्तराखंड में अच्छी आबोहवा है। राज्य निवेश के सभी मानदंडों को प्राप्त करता है। हमने विभिन्न सेक्टर में निवेश मित्र नियुक्त किए हैं, जो 5 करोड़ से ऊपर के प्रोजेक्ट के लिए काम करेंगे। एक ही मित्र प्रोजेक्ट को धरातल तक पहुंचाएगा।

### पीएम मोदी ने किया हाउस ऑफ हिमालयाज लांच

राज्य के सभी उत्पादों को अब एक नाम से पहचाना जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शुक्रवार को वैश्विक निवेशक सम्मेलन के दौरान हाउस ऑफ हिमालयाज की लांचिंग की। अभी तक हिमाद्री, हिलांस, ग्राम्यश्री जैसे तमाम उत्पाद अलग-अलग नाम से बाजार में जाते हैं, लेकिन अब सभी हाउस ऑफ हिमालयाज के नाम से पहचाने जाएंगे।

### यहां आकर धन्य हो जाता है मन

इंतजार की घड़ी खत्म हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंच पर पहुंचे और देवभूमि उत्तराखंड को नमन कर अपना संबोधन शुरू किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां आकर मन धन्य हो जाता है। कुछ वर्ष पहले जब मैं बाबा केदार के दर्शन को निकला था तो अचानक मेरे मुंह से निकला था कि 21वीं सदी का ये तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक है। मुझे खुशी है कि उस कथन को मैं लगातार पूरा होते देख रहा हूं।

**सांध्यप्रकाश विशेष**

## विधायक ने कहा- सीएम साहब मुझे मंत्री बना दो



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले की सैलाना विधानसभा सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विजय हुए विधायक कमलेश्वर डोडियार गुरुवार शाम को मुख्यमंत्री निवास पहुंचे, जहां सीएम शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर उनसे आग्रह किया कि वे मंत्री बनना चाहते हैं ताकि अपने विधानसभा क्षेत्र का विकास कर सकें।

बता दें कि कमलेश्वर डोडियार रतलाम जिले के सैलाना क्षेत्र के ग्राम राधाकुँआ में एक झुग्गी में रहते हैं। वे गरीब मजदूर के बेटे हैं। और करीब 12 लाख रुपए उधार लेकर चुनाव लड़कर चुनाव जीते भी हैं। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों को शिकस्त देकर यह विजय हासिल की हैं। यह सब कमलेश्वर डोडियार ने अपने बलबूते पर किया हैं। कमलेश्वर रतलाम से मोटरसाइकिल पर एमएलए लिखकर भोपाल पहुंचे थे। इस बात का सीएम शिवराज सिंह चौहान को पता चला तो उन्होंने गुरुवार शाम को सीएम हाऊस से कार भेजकर कमलेश्वर को सीएम हाऊस बुलाया। कमलेश्वर को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस मौके पर कमलेश्वर ने सीएम शिवराज सिंह चौहान से मंत्री बनाने का आग्रह किया। इस पर शिवराज सिंह चौहान ने कोई आश्वासन नहीं दिया हैं। कमलेश्वर की सीएम से मुलाकात उनके ओएसडी लक्ष्मण सिंह मरकाम ने कराई हैं।

### मजदूर से एमएलए बनने का सफर

नोतरा, जिसके अन्तर्गत समाज के लोगों द्वारा बगैर ब्याज के रूपए दिए जाते हैं और उसे निश्चित समयावधि में लोटना पड़ता हैं।कमलेश्वर डोडियार ने चुनाव लडने के लिए सैलाना विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव में जाकर मीटिंग बुलाई और नोतरा के माध्यम से 12 लाख रुपए एकत्रित किए। कमलेश्वर कहते हैं कि मैं मेरे क्षेत्र के लोगों की बुनियादी सुविधाओं को लेकर काम करुंगा, जिसमें बिजली, सड़क और पीने और खेतों में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था हो। इसके साथ ही बच्चों की शिक्षा की माकूल व्यवस्था जिसमें व्यवस्थित भवन, शिक्षक का अभाव ना हो, यह सब करने के लिए मैं आदिवासी मंत्री भी बनना चाहता हूं, ताकि समाज के लोगों की सहायता कर सकुं।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से आज समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में जनसंपर्क मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भेंट की। मुख्यमंत्री श्री चौहान एवं मंत्री श्री शुक्ल ने बधाइयों का आदान-प्रदान किया।


## डॉ. भरत अग्रवाल बने एनडीटीवी के सीनियर मैनेजिंग एडिटर



राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों के जाने-पहचाने चेहरे डॉक्टर भारत अग्रवाल अब अडानी ग्रुप का हिस्सा हो गए हैं। वे जल्द ही बतौर सीनियर मैनेजिंग एडिटर एनडीटीवी में कामकाज संभालेंगे। डॉ. अग्रवाल अभी तक दैनिक भास्कर के कार्यकारी निदेशक थे। डॉ.अग्रवाल मूलतः एमडी (मेडिसिन) हैं। उन्होंने एमजीएम मेडिकल कॉलेज, इंदौर से गोल्ड मेडल के साथ एमबीबीएस किया था। वे अस्पताल प्रशासन में एमबीए और एम. फिल भी हैं।

### सामाजिक मुद्दों से गहराई से जुड़े हैं डॉ. अग्रवाल

डॉ. भरत अग्रवाल भारतीय चिकित्सा परिषद, कार्डियोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य होने के साथ ही मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की आचार समिति के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। डॉ. अग्रवाल जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में मध्यप्रदेश में सामाजिक मुद्दों से गहराई से जुड़े हैं। उन्होंने विभिन्न शहरों में 150 से ज्यादा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए। हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण अभियान में अग्रणी भूमिका निभाई। लगभग 1.75 लाख व्यक्तियों का टीकाकरण किया।



**मध्यप्रदेश में नव निर्वाचित भाजपा विधायकों के फोन नंबर की सूची पेज छह पर देखें।**

## जूनियर महमूद का निधन



**मुम्बई।** जूनियर महमूद के नाम से मशहूर बॉलीवुड एक्टर नईम सैय्यद का कल रात 2 बजे मुंबई में निधन हो गया। वो काफी वक्त से स्टमक कैंसर से जूझ रहे थे। पिछले कुछ दिनों से जूनियर महमूद की तबीयत ठीक नहीं थी। रिपोर्ट के मुताबिक एक्टर का निधन उनके घर पर ही हुआ। महमूद के निधन की पुष्टि उनके एक फैमिली फ्रेंड सलाम काजी ने की। जूनियर महमूद ने हाथी मेरे साथी, कारवां और मेरा नाम जोकर सहित कई फेमस फिल्मों में काम किया था। जूनियर महमूद काफी वक्त से स्टेज चार के स्टमक कैंसर से पीड़ित थे। उनकी बीमारी का इलाज मुंबई में स्थित टाटा मेमोरियल अस्पताल से चल रहा था।

# तीन राज्यों के लिए भाजपा ने नियुक्त किए पर्यवेक्षक

### मप्र की जिम्मेदारी हरियाणा के सीएम खट्टर, लक्ष्मण और आशा लकड़ा को

### ओबीसी विधायकों की सूची दिल्ली बुलाई

**नई दिल्ली/भोपाल।** मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के चयन के लिए भाजपा हाईकमान ने तीन-तीन पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। मध्यप्रदेश के लिए जो तीन ऑब्जर्वर नियुक्त किए हैं, उनमें हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण और पार्टी की राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा शामिल हैं।



मनोहर लाल खट्टर | के. लक्ष्मण | आशा लकड़ा

सूत्रों का कहना है कि भाजपा नए ओबीसी चेहरे पर विचार कर रही है। यही वजह है कि शीर्ष नेतृत्व ने नए चुने गए ओबीसी विधायकों की लिस्ट मांगी है।

मध्यप्रदेश में पार्टी ने 10 दिसंबर को विधायक दल की बैठक बुलाई है। ऑब्जर्वर इसमें विधायक दल के नेता यानी सीएम की घोषणा करेंगे। सूत्रों के अनुसार, आलाकमान मप्र में सीएम को लेकर ओबीसी चेहरे की ओर बढ़ रहा है। शिवराज सिंह चौहान के बदलने की स्थिति में प्रहलाद पटेल का नाम सबसे आगे है। बिल्कुल नया ओबीसी फेस देने पर भी विचार हो रहा है। अगर ओबीसी कार्ड नहीं चला तो ऐसे में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का नाम सीएम की रेस में सबसे आगे होगा। इसके अलावा मध्य प्रदेश में भी डिप्टी सीएम के फॉर्मूले को लागू किया जाएगा।

**पर्यवेक्षक की नियुक्ति में दिखा जातीय संतुलन**

बीजेपी ने पंजाबी खत्री समुदाय से ताल्लुक रखने वाले सामान्य वर्ग के हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, ओबीसी नेता डॉ. के. लक्ष्मण और आदिवासी नेता आशा लकड़ा को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के चयन के लिए पर्यवेक्षक बनाया है। तीनों नेता विधायक दल की बैठक लेकर मुख्यमंत्री का चयन करेंगे।

### राजस्थान के लिए राजनाथ समेत 3 पर्यवेक्षक



राजस्थान में सीएम के नाम की घोषणा के कयासों के बीच दिल्ली में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सरोज पांडे और विनोद तावडे को राजस्थान के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। ये पर्यवेक्षक राजस्थान को लेकर विधायकों से रायशुमारी कर सकते हैं। माना जा रहा है कि 10 दिसंबर को विधायक दल की बैठक हो सकती है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने उनके आवास पर रात करीब 8 बजे पहुंचीं थी। इस दौरान सवा घंटे तक दोनों के बीच चर्चा चली। वहीं प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी भी आज दिल्ली पहुंच गए हैं। इधर, नड्डा से मुलाकात के बाद राजे ने गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की।

### छत्तीसगढ़ जाएंगे अर्जुन मुंडा, सर्वानंद सोनोवाल और दुष्यंत कुमार गौतम

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री चुनने के लिए बीजेपी ने पर्यवेक्षकों का ऐलान कर दिया है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सर्वानंद सोनोवाल और पार्टी महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम को छत्तीसगढ़ के लिए बीजेपी ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। बताया जा रहा है कि तीनों ऑब्जर्वर शनिवार तक रायपुर पहुंचेंगे। इसके बाद प्रदेश प्रभारी ओम माथुर और नितिन नबीन के साथ तीनों पर्यवेक्षक विधायकों से रायशुमारी करेंगे। शनिवार या रविवार को विधायक दल की बैठक में सीएम के नाम का ऐलान भी किया जा सकता है।

# पहली बार विधायक बनकर विधानसभा पहुंचे प्रह्लाद पटेल

### सीएम फेस बोले, देरी जैसी कोई बात नहीं

**भोपाल।** नरसिंहपुर विधानसभा से विधायक चुने गए प्रह्लाद पटेल शुक्रवार को विधानसभा पहुंचे। उन्होंने यहां पर विधायक निर्वाचित होने के बाद की कागजी कार्यवाही को पूरा किया। विधानसभा प्रमुख सचिव एपी सिंह ने उनका डॉक्यूमेंटेशन करवाया। पटेल मध्यप्रदेश में सीएम पद के दावेदारों में शुमार हैं। वे पहली बार विधायक चुने गए हैं। इसके पहले वे सांसद और केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने हाल ही में विधायक बनने पर संसद की सदस्यता और केंद्रीय मंत्री पद से त्याग पत्र दिया है।



लोकसभा से विधानसभा में आने पर उन्होंने कहा कि कोई सदन छोटा या बड़ा नहीं होता। सिर्फ संख्या बल और नियमों का फर्क होता है। अगर ईश्वर ने चौकीदारी का काम दिया है तो चौकीदारी ही करनी चाहिए, इसका प्रमोशन से कोई लेना-देना नहीं। सदन सदन होता है, पहली बार विधानसभा में आने पर कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा में विधायक के तौर पर मैंने पहली बार प्रवेश किया है, मैं गौरवान्वित हूं। नेतृत्व का मैं आभार व्यक्त करता हूं।

**सीएम फेस पर बोले** – मुख्यमंत्री फेस की घोषणा में हो रही देरी पर प्रह्लाद पटेल ने बताया कि पांच राज्यों को लेकर फैसले होने हैं। इसलिए समय लग रहा है। उन्होंने कहा कि जब मैं मणिपुर का प्रभारी था, तब भी समय लगा था। आगे पटेल ने कहा कि फिलहाल लोकसभा भी चल रही है। इसलिए भी समय लग रहा है। देरी जैसी कोई बात नहीं है। खुद के मुख्यमंत्री फेस के सवाल पर उन्होंने कहा कि आप सभी का धन्यवाद।



**भोपाल।** राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने आज अंकुर मैदान में दिव्यांग खिलाड़ियों के नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस मौके पर नगर निगम भोपाल अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी भी मौजूद रहे।

## आयकर विभाग की छापेमारी में मिले 200 करोड़ कैश, ट्रक में भरकर ले जाए गए नोट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू और उनके करीबियों के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी में 200 करोड़ रुपये कैश बरामद किए गए हैं। गौरतलब है कि छापेमारी में 9 अलमारियां नोटों से भरी पाई गईं और नोटों को गिनने के लिए मशीनें मंगवानी पड़ी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 200 करोड़ रुपये की गिनती हो चुकी है और अभी भी नोटों की गिनती चल रही है। ऐसे में जब्त रकम अभी और बढ़ सकती है।

**नौ अलमारियों में मिले 200 करोड़ रुपये कैश**

बता दें कि धीरज साहू एक बड़े उद्योगपति हैं और शराब बनाने वाली कंपनी बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज से जुड़े हैं। आयकर विभाग ने ग्रुप के झारखंड-ओडिशा और बंगाल के 10 ठिकानों पर छापेमारी की। आयकर विभाग ने बलदेव साहू कंपनी



के बोलांगीर स्थित कार्यालय से 30 किलोमीटर दूर सतपुड़ा ऑफिस में छापेमारी में 200 करोड़ रुपये कैश बरामद किए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नोटों के बंडल ऑफिस की नौ अलमारियों में भरे रखे थे। नोट 500, 200 और 100 रुपये को गड्डियों में रखे थे।

## रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार, नहीं बढ़ेगी ईएमआई

**नई दिल्ली।** आरबीआई एमपीसी ने एक बार फिर रेपो रेटो को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है।एमपीसी की बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर ने बताया कि वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में भी भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती दिखाई है। बैंकों के बैलेंस शीट में मजबूती दिखी है। केंद्रीय बैंक की एमपीसी ने रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है।

आरबीआई गवर्नर के अनुसार इसके फलस्वरूप स्थायी जमा सुविधा दर 6.25 प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा दर तथा बैंक दर 6.75 प्रतिशत पर बनी हुई है। आरबीआई गवर्नर ने जीडीपी ग्रोथ 7 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि घरेलू मांग के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी जारी है। लागत खर्च में कमी से विनिर्माण क्षेत्र में मजबूती आई है। सरकारी खर्चे से निवेश के रफ्तार में आई तेजी है। एग्रो क्रेडिट में ग्रोथ से रिकवरी बेहतर होने का अनुमान है। एमपीसी के छह में पांच स्थर अकोमोडेटिव रुख वापस लेने के पक्ष में। सभी सदस्यों ने रेपो रेट को स्थिर रखने पर सहमति जताई।

## अयोध्या एयरपोर्ट दिसंबर अंत तक तैयार होगा: ज्योतिरादित्य सिंधिया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज कहा कि बुलेट ट्रेन का पहला सेक्शन 3 साल के अंदर शुरू होगा। पीएम मोदी इसका उद्घाटन करेंगे।उन्होंने हाल ही में अयोध्या एयरपोर्ट प्रोजेक्ट का निरीक्षण भी किया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रेस



कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस देश में विजन और लीडरशिप की कमी थी। 2014 से देश में नया दौर शुरू हुआ है। फिलहाल देश में 10 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है।

सिंधिया बोले- पूरे विश्व में सबसे तेज इंडियन रेलवे ही आगे बढ़ रहा है। विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज जम्मू-कश्मीर में बन रहा है। पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर और नॉर्थ इस्ट को मुख्य धारा में लाया है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत का ताज बनाया है। आज देश में 23 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। 2047 तक 4500 वंदे भारत ट्रेनें चलाने का हमारा मिशन है।

### हवाई किराया खुद तय करें एयरलाइंस-पैसेंजर्स के हितों का रखें ध्यान

नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संसद में कहा कि सरकार ने विमानन कंपनियों से इन देशों के लिए उड़ान की संख्या बढ़ाने को कहा है। अगर ऐसा होता है तो निश्चित तौर पर किराये में बढ़ोतरी पर रोक लगेगी। सरकार ने संसद में विमान यात्रियों की संख्या, हवाई किराए और यात्रियों के हितों के लिए उठाए गए कदमों पर किए सवालों का जवाब दिया। सरकार ने लोकसभा में बताया कि पिछले नौ वर्ष में हवाई यात्रियों की संख्या बढ़कर 14 करोड़ हो गई है। 2023 तक यह आंकड़ा तीन गुना बढ़कर 42 करोड़ तक पहुंच सकता है। इसके अलावा नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हवाई किरायों को लेकर एयरलाइंस के साथ चर्चा की है। उन्हें सलाह दी गई है कि किराया तय करते समय वे यात्रियों के हितों को ध्यान में रखें। इस दौरान किराये को खुद नियंत्रित रखने की सलाह भी दी गई।

### कांग्रेस सांसद के सवाल का जवाब दिया

कांग्रेस के के. सुरेश ने पूछा कि पश्चिम एशिया के देशों में काम करने वाले केरल के प्रवासी नागरिक छुट्टियों और त्योहारों के दौरान 10 गुना अधिक किराये का भुगतान करते हैं। इसे नियंत्रित करने के लिए सरकार क्या कर रही है? इस पर नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सरकार ने विमानन कंपनियों से इन देशों के लिए उड़ान की संख्या बढ़ाने को कहा है। अगर ऐसा होता है तो निश्चित तौर पर किराये में बढ़ोतरी पर रोक लगेगी।

# अवैध व नियम विरूद्ध मांस विक्रय की दुकानों पर निगम ने शुरू की कार्रवाई

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नगर निगम द्वारा मानव स्वास्थ्य के दृष्टिगत अवैध व नियम विरूद्ध मांस विक्रय की दुकानों के विरूद्ध अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। अभियान के प्रथम दिन निगम अमले ने जोन क्र. 01 एवं 20 के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर अवैध रूप से तथा नियमों का उल्लंघन कर मांस विक्रय करने वाले मांस विक्रेताओं के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अब्बास नगर में खुले में बिना लायसेंस के मांस विक्रय करने वाले दुकानदार का 40 किलोग्राम मांस फिनाइल व अन्य रसायन डालकर नष्ट कराया। दुकानों की जांच हेतु निगम के दल के पहुंचने की सूचना पर अनेक मांस विक्रेता अपनी दुकानें बंद कर दीं। इसके अतिरिक्त निगम के जोन क्र. 17 के अंतर्गत वार्ड क्र. 78 में अवैध व नियम विरूद्ध मांस विक्रय करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 09 प्रकरणों में 04 हजार 900 रुपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की। कार्यवाही के दौरान अपर आयुक्त श्री रणवीर कुमार सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के.श्रीवास्तव के नेतृत्व में की गई कार्यवाही के दौरान प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री रविकान्त औदिच्य, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री जगदीश टांक सहित स्वास्थ्य विभाग तथा अतिक्रमण विरोधी अमला व पुलिस बल मौजूद था। निगम का यह अभियान आगामी 06 जनवरी 2024 तक जारी रहेगा। नगर निगम सीमा क्षेत्र में अवैध/नियम विरूद्ध मांस विक्रय की दुकाने संचालित होने के कारण आवारा श्वानों व गंदगी फैलने की स्थिति से निपटने के दृष्टिगत निगम आयुक्त श्री फ्रैंक नोबल ए के निर्देश पर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध/नियम विरूद्ध मांस विक्रय करने वालों के विरूद्ध अभियान गुरूवार से प्रारंभ किया गया। अभियान के तहत निगम अमले ने जोन क्र. 01 एवं जोन क्र. 20 के अंतर्गत विभिन्न वार्ड क्षेत्रों में मांस विक्रय की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अब्बास नगर गांधी नगर में निगम अधिकारियों को 01 मांस विक्रेता खुले में बिना लायसेंस के मांस विक्रय करता पाया गया। जिसके विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 40 किलोग्राम मांस फिनाइल व अन्य रसायन डालकर मांस नष्ट किया गया।

# क्षत्रिय लोनारी कुन्बी समाज युवा संगठन कोलार के पदाधिकारियों ने विधानसभा चुनाव में विजयी होने पर विधायक रामेश्वर शर्मा का स्वागत कर बांटी मिठाई





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज युवा संगठन कोलार भोपाल के पदाधिकारियों ने विधानसभा चुनाव में हुजूर से विजयी होने पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा का माला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और जीत की खुशी में मिठाई वितरित कर विधायक श्री शर्मा को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान श्री शर्मा ने क्षत्रिय लोनारी कुन्बी समाज युवा संगठन कोलार भोपाल के समस्त समाज जनों का इस प्रचंड जीत के लिए हृदय से आभार और धन्यवाद प्रकट किया। इस अवसर पर क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज युवा संगठन कोलार भोपाल के अध्यक्ष भोजराज मगरदे, सचिव राजु पाटनकर, दुर्गादास देशमुख, अमृतराव धाड़ासे, रवि डोंगरे, नवीन बोड़खे, देवराव देशमुख, राजू मगरदे, नीलकंठ कोसे, यादवराव दवंडे, एस.बी.साबले, गणेश काले, विश्वनाथ अडलक, प्रकाश साबल एवं जगन मगरदे सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# भारत की सबसे बड़ी चित्रकला कार्यशाला वसुदेव कुटुम्बकम का आयोजन भोपाल में हुआ





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पूरा विश्व एक परिवार यानी वसुदेव कुटुम्बकम की इस संकल्पना के साथ प्रारंभ हुआ। युवा द्वारा प्रायोजित चित्रकला कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक विषय के साथ रचनात्मक शैली को विकसित करना था।

भारत के चार प्रमुख शहर नागपुर, सूरत, ग्वालियर और इंदौर में सफलतापूर्वक इस चित्रकला कार्यशाला के आयोजन के बाद मध्य प्रदेश की राज्यधानी भोपाल में इस कार्यशाला का आयोजन हुआ। अब तक चार शहर के 32 प्रतिष्ठित विद्यालयों के दस हज़ार से जयादा विद्यार्थियों ने रंगों और चित्रकला के माध्यम से चित्रकला की गुर सीखे। इस कार्यशाला की खासियत उपदेशक है को चित्रकला के प्रमुख हस्तियां है। दिनांक चार, पांच और छह दिसंबर को इस कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें प्रति दिन तीन विद्यालय और तीन दिन में नौ विद्यालय में एक घंटे की अवधि में विद्यार्थियों को चित्रकला की बारीकियां सिखाई गई। इस दौरान प्रति कार्यशाला में 250 विद्यार्थी ने भाग लिए ।

भोपाल शहर में उपदेशक की भूमिका में सुश्री प्रीती जैन, सुश्री सीमा जैन और डॉक्टर सोनम सिकरवार ने निभाई। इनके मार्गदर्शन में कार्यशाला आयोजित हुई। बता दे कि सुश्री प्रीति पोदार जैन का अपना बाइस साल का दीर्घ काल का अनुभव है। आप विदेशों में अपनी कला की कई प्रदर्शनियां लगा चुकी है। वहीं सुश्री सीमा जैन का अपना अबेकस और वैदिक गणित में 15 साल का अनुभव है। डॉक्टर सोनम सिकरवार ने फाइन आर्ट्स में पीएचडी की उपाधि हासिल की है। भोपाल शहर में जिन विद्यालयों में सफलता पूर्वक आयोजन हुआ। इनमें प्रमुख - मॉडल हाई स्कूल, राज हाइट्स ग्लोबल स्कूल, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, हेमा हायर सेकण्डरी स्कूल, कमला नेहरू हायर सेकंडरी स्कूल और मदर टेरेसा स्कूल शामिल है. युवा स्टेशनरी जो नवनीत एजुकेशन का अपना ब्रांड है। इस ब्रांड ने इस चित्रकला कार्यशाला को प्रस्तुत किया। वहीं दिल्ली की स्वयं सेवी संस्था विल इंडिया चेंज फाउंडेशन ने इस कार्यशाला को आयोजित किया। इस कार्यशाला में प्रत्येक विद्यार्थी को युवा की तरफ से चित्रकारी की सामग्री दी गई। इसमें नोटबुक, रंग, ब्रश आदि शामिल थे। इसके आलावा जलपान और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। भोपाल के बाद इस कार्यशाला की अगली मंजिल महाराष्ट्र के दो शहर औरंगाबाद और सांगली है।

# सिंधी समाज के भीतर भी लव जेहाद और इंटरकास्ट मैरिज की समस्या

## जुटे कई संस्थाओं के सिंधी बुद्धिजीवी, हुआ विचार विमर्श



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

देश में लव जेहाद किसी एक समाज या धर्म के लिए समस्या नही है बल्कि इससे हर समाज के लोग त्रस्त हैं। सिंधी समाज को अब तक कारोबारी समाज सझा जाता था, जहां हायर सेकण्डरी उत्तीण करने के बाद बेटे को दुकान पर बैठा दिया जाता था तो बेटी की 20 या 22 साल की आयु में शादी कर दी जाती थी परन्तु बदले हुए दौर में अब सिंधी अभिभावक भले ही उद्योगपति एवं बड़े कारोबार हैं, लेकिन उनकी संतान उच्च शिक्षा प्राप्त करने न केवल शहर से बाहर रहने लगी हैं बल्कि विदेशों में भी कई बेटा व बेटी पढ़ने के लिए जाने लगे हैं ऐसे में उन पर अभिभावकों का नियंत्रण पूरी तरह से खत्म होता जा रहा है नतीजा सिंधी समाज के भीतर भी लव जेहाद के अलावा एक बहुत बड़ी संख्या इंटरकास्ट मैरिज है। इससे चिंतित राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली निवासी वरिष्ठ समाज सेवी जवाहर बुलवानी ने बीड़ा उठाया है और देशभर में दौरे कर लव जेहाद व इंटरकास्ट मैरिज के खिलाफ अभियान चलाया है। इंदौर के बाद संत हिरदाराम नगर पहुंचे जवाहर बुलवानी ने संस्कार स्कूल में यहां के बुद्धिजीवियों की बैठक का आयोजन किया जिसमें 88 वर्षीय वरिष्ठ शिक्षाविद विष्णु गेहानी, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष साबूमल रीझवानी, संस्कार संस्था के सचिव बंसत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्द्रकुमार नागदेव, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत अध्यक्ष संरक्षक वासुदेव वाधवानी, चन्द्रप्रकाश ईसरानी, महासचिव सुरेश जसवानी, उपाध्यक्ष नरेश चोटरानी, समाज सेवी किशन उदासी, राष्ट्रीय सिंधी मंच के संयोजक रोशनलाल उतवानी, जिला भोपाल अध्यक्ष हीरो ईसरानी एवं दिल्ली से ही पधारी दीपा गोलवाणी आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

**संस्कार कक्षाओं का आयोजन:** इस बात पर भी जोर दिया गया कि स्कूली शिक्षा के दौरान ही प्रत्येक स्कूल में कम से कम सप्ताह में एक पीरियड संस्कार का रखा जाए जिमसें केवल शिक्षक ही नहीं समाज के बुद्धिजीवी स्कूलों में जाकर कक्षा 9 से 12 तक खासतौर पर कन्याओं को इस बात की जानकारी दें कि सह शिक्षा एवं लव जेहाद तथा इंटरकास्ट मैरिज से क्या क्या नुकसान है इसलिए उससे दूर रहा जाए। पंचायत अध्यक्ष साबूमल रीझवानी ने अनचाहे सेक्स से होने वाले नुकसान की भी जानकारी देने की बात कही ताकि उसके प्रति आकर्षण से युवाओं को बचाया जा सके।

**देर से हो रहे विवाह:** इस बात पर भी चिंता प्रकट की गई कि उच्च शिक्षा के कारण विवाह देर से हो रहे हैं, जब विवाह देर से हो रहे हैं, तब संतान उत्पति में भी दिक्कतें आ रही हैं देर से ही पर अगर विवाह अपने ही समाज के युवक युवती के मध्य हो तो ठीक लेकिन इंटरकास्ट मैरिज भी चिंता का विषय है, जिसके बाद अधिकांश रिश्ते टूट रहे हैं, जो बाद में अभिभावकों के लिए बहुत बड़ी समस्या बनते जा रहे हैं। इन समस्याओं के निदान के लिए समाज को जागरूक करने के साथ ही खासतौर पर लव देहात एवं इंटरकास्ट मैरिज के खिलाफ सख्ती से कदम उठाने पर सहमति व्यक्त करते हुए देशभर में अभियान चलाने एवं इसके लिए सोशल मीडिया का सहारा लेने पर भी जोर दिया गया। संस्कार कक्षाओं का आयोजन इस बात पर भी जोर दिया गया कि स्कूली शिक्षा के दौरान ही प्रत्येक स्कूल में कम से कम सप्ताह में एक पीरियड संस्कार का रखा जाए जिमसें केवल शिक्षक ही नहीं समाज के बुद्धिजीवी स्कूलों में जाकर कक्षा 9 से 12 तक खासतौर पर कन्याओं को इस बात की जानकारी दें कि सह शिक्षा एवं लव जेहाद तथा इंटरकास्ट मैरिज से क्या क्या नुकसान है इसलिए उससे दूर रहा जाए। पंचायत अध्यक्ष साबूमल रीझवानी ने अनचाहे सेक्स से होने वाले नुकसान की भीजानकारी देने की बात कही ताकि उसके प्रति आकर्षण से युवाओं को बचाया जा सके इंटरकास्ट मेरिज भी समस्या बैठक में वक्ताओं ने इंटरकास्ट मैरिज को भी बलत बताया तथा कहा कि इस कारण विवाह के बाद तनाव, रिश्तों में टूटन से अभिभावकों के समक्ष एक नई समस्या पैदा हो गई है इसलिए इस बात पर बल दिया जाए कि विवाह अपने ही समाज में हों ताकि टूटते रिश्तों पर पर अंकुश लग सके।

# डॉ. आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर हुआ कार्यक्रम



**भोपाल।** संविधान निर्माता एवं आरपीआई (आंबेडकर) के संस्थापक परमपुज्य डा बाबासाहेब आंबेडकर जी के 67 वे महापरिनिर्वाण दिवस पर बोर्ड आफिस चौराहे स्थित डा बाबासाहेब आंबेडकर के प्रतिमा स्थल पर बुध्द वंदना कर अभिवादन किया गया। आरपीआई (आंबेडकर) के राष्ट्रीय महासचिव डा मोहनलाल पाटील के प्रमुख उपस्थित में अभिवादन करनेवालो में पार्टी के कुंवरलाल रामटेके, प्रकाश सोनवने, दलित बन्सोड, रामदास घोसले, कैलाश वह्ले, धनराज शेन्डे, रवि तायड़े, राहुल लोनारे तथा इंदुबाई पाटील,संघमित्रा गजभिए आदि उपस्थित थे। डा मोहनलाल पाटील ने इस अवसर संदेश दिया कि हमें देश में लोकतंत्र बनाये रखने के हमें कार्य करना है । बाबासाहेब आंबेडकर जी ने हमें रिपब्लिकन भारत बनाने का कार्य सौपा है। समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व व न्याय पर आधारित विचारों को सामान्य लोगों तक पहुचाने का कार्य पार्टी करेंगी।

## शर्मा की जीत पर सभी कार्यकर्ताओं और जनता का मारण ने किया आभार व्यक्त



**भोपाल।** हुजूर विधानसभा के भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा की रिकॉर्ड तोड़ जीत पर सभी कार्यकर्ता और सभी जनता का गोलू मारण ने आभार व्यक्त किया। गोलू मारण ने बताया कि विधायक रामेश्वर शर्मा ने जनता के लिए बहुत विकास कार्य किए हैं जिसको लेकर जनता ने उन पर पूरा भरोसा जताया है और जनता के आगे भी विकास कार्य होते रहेंगे जैसे ही रामेश्वर भाई चुनाव जीते वैसे ही उन्हें सिक्स लाइन रोड का निरीक्षण करो जनता के लिए जल्द से जल्द रोड को निर्माण कार्य किया जाए जिससे जनता की समस्या जल्दी हाल हो मेरा मानना है कि बड़े भैया रामेश्वर भैया ने जितने कम क्षेत्र की जनता के लिए किए हैं।

# 10 को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की, जागरूकता के लिए आसमान में लहराया बैलून

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

10 दिसंबर को आयोजित किए जा रहे पल्स पोलियो अभियान की जागरूकता के लिए कलेक्टर कार्यालय में स्काई बैलून लहराया गया है। यह बैलून 100 फीट की ऊंचाई पर स्थित किया गया है । कलेक्टर आशीष सिंह ने बैलून को आसमान में छोड़कर परिजनों से अपने 5 वर्ष तक के बच्चो पोलियो रोधी दवा अनिवार्य रूप से पिलाने की अपील की है । इस अवसर पर पल्स पोलियो के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। उन्होंने कहा कि 5 साल तक की उम्र के बच्चों के परिजन 10 दिसंबर को पोलियो बूथ पर पहुंचकर पोलियो की दवा अवश्य पिलवाए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि भोपाल जिले में अभियान के तहत जन्म से 5 साल तक की उम्र के तीन लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। अभियान के लिए भोपाल में 2893 बूथ बनाए गए हैं । जिन पर लगभग 5800 बूथकर्मी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगे। जिले में 301 सुपरवाइजर, 197 ट्रांसिट टीम एवं 36 मोबाइल टीम गठित की गई हैं। पोलियो अभियान के लिए भोपाल को 4 लाख 20 हजार डोज प्राप्त हुए हैं। सभी कोल्ड चेन पॉइंट को वैक्सीन एवं प्रचार सामग्री पहुंचा दी गई है । 5 साल तक की उम्र का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा सेवन से न छूटने पाए, इसके लिए डब्लू एच ओ, स्वतंत्र एजेंसियों एवं जिला पंचायत के माध्यम से सघन मॉनिटरिंग की जाएगी। किसी क्षेत्र में कोई बच्चा टीकाकरण से छूटा हुआ पाए जाने या टीकाकरण के कार्य में लापरवाही पाई जाने पर संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**कलेक्टर ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर प्रदान की सहयोग राशि:** लेक्टर आशीष सिंह को कलेक्टर कार्यालय में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सेना के अधिकारियों ने प्रतीक ध्वज लगाया। कलेक्टर श्री सिंह ने अपनी ओर से सहयोग राशि तथा दिवस के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। उल्लेखनीय है कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं के सैनिक देश की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं में कर्त्तव्य पालन करते हुए वीरगति को प्राप्त होने वाले सैनिकों को स्मरण करने, सम्मान देने तथा देश के नागरिकों द्वारा सैनिकों के प्रति सम्मान भाव प्रकट करने के लिए वर्ष 1949 से प्रतिवर्ष 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस पर मोटर वाहनों में लगने वाले कार ध्वज तथा प्रतीक ध्वज वितरित करने से संग्रहित राशि से शहीद सैनिकों के आश्रित परिजन, दिव्यांग सैनिकों, पूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास से संबंधित आर्थिक सहायता योजनाएँ संचालित की जाती हैं।

# 31 दिसंबर तक किसान करा सकते हैं रबी फसलों का बीमा

**भोपाल।** उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के माध्यम से कृषकों को फसल बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। कृषक भाईयों को सूचित किया गया है कि योजनांतर्गत रबी 2023 के लिये सभी ऋणी, अऋणी, डिफाल्टर, बटाईदार किसानों के लिये बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2023 है। जिला स्तर पर जिन फसलों को अधिसूचित किया गया है उनके प्रीमियम एवं बीमित राशि प्रति हेक्टेयर अनुसार दर निर्धारित की गई हैं। गेहूं सिंचित के लिए 765 प्रति हेक्टेयर, गेहूं असिंचित के लिए 540 प्रतिहेक्टेयर, चना के लिए 514.50 प्रतिहेक्टेयर एवं राई / सरसों के लिए 450 प्रति हेक्टेयर दर निर्धारित है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास सुमन प्रसाद ने बताया कि ऋणी किसानों का फसल बीमा संबंधित बैंक शाखा द्वारा अनिवार्य रूप से करा दिया जाता है एवं आऋणी कृषक फसल बीमा के लिए बैंक, एमपी ऑनलाइन, जनसेवा केन्द्र सीएससी के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। किसानों को बीमा कराने के लिए अनिवार्य दस्तावेज आधार कार्ड नवीनतम, मोबाइल नम्बर, बैंक पासबुक जिसमें किसान का नाम, खाता संख्या, आईएफएससी कोड स्पष्ट हो, खसरा-बी-1 नवीनतम, खसरा अनुसार बोई गई फसल का प्रमाणित बुआई प्रमाण पत्र, किरायेदार किसान के लिए किरायानाम का शपथ पत्र होना अनिवार्य है।

# सड़क सुरक्षा जागरुता अभियान: 2600 से अधिक स्कूली छात्रों एवं स्टाफ के सदस्यों को किया जागरुक

**भोपाल।** सक्रिय दृष्टिकोण की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया सड़क का इस्तेमाल करने वाले सभी यूज़र्स के लिए सुरक्षित वातावरण के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क सुरक्षा के प्रति, लोगों के उन्मुख इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए एचएमएसआई ने मध्य प्रदेश के भोपाल शहर में अपने सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान को आगे बढ़ाया।

एचएमएसआई अपने कॉर्पोरेट उत्तरदायित्व में सड़क सुरक्षा को सबसे ज़्यादा महत्व देती है। होली क्रॉस को-एड सीनियर सैकण्डरी स्कूल में आयोजित इस तीन दिवसीय कैम्प में 2600 से अधिक छात्रों एवं स्टाफ के सदस्यों ने सक्रियता के साथ हिस्सा लिया। एचएमएसआई के रोड सेफ्टी इंस्ट्रक्टर्स ने प्रतिभागियों की उम्र को ध्यान में रखते हुए उचित सड़क सुरक्षा लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से सभी को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक बनाया।

एचएमएसआई का मानना है कि बच्चों को कम उम्र से ही सड़क सुरक्षा पर जागरुक बनाना ज़रूरी है और इसीलिए कंपनी स्कूल एवं कॉलेज पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण को शामिल करने पर ज़ोर देती है। युवा किसी भी नई चीज़ को जल्दी सीखते हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने अगली पीढ़ी को सड़क सुरक्षा के बारे में ज्ञान एवं कौशल के साथ सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा है।

अपनी शुरूआत के बाद से मध्य प्रदेश राज्य में एचएमएसआई, सड़क सुरक्षा की आदतों एवं सड़क के ज़िम्मेदाराना इस्तेमाल को बढ़ावा देते हुए तकरीबन 1.15 लाख व्यस्कों और बच्चों को सड़क सुरक्षा पर शिक्षित कर चुकी है। सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप एचएमएसआई विभिन्न सड़क सुरक्षा पहलों में सक्रिय रही है। कंपनी शिक्षा, जागरुकता अभियानों एवं कम्युनिटी एंगेजमेन्ट प्रोग्रामों के मायम से सड़क पर ज़िम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। सड़क सुरक्षा के प्रति समग्र दृष्टिकोण के साथ एचएमएसआई सड़क पर दुर्घटनाओं को कम करने और सड़क का इस्तेमाल करने वाले उपयोगकर्ताओं के कल्याण को सुनिश्चित करने के बड़ी लक्ष्य में योगदान दे रही है।

साल 2021 में होण्डा ने विश्वस्तर पर एक दृष्टिकोण वक्तव्य जारी किया जिसके मुताबिक होण्डा 2050 तक दुनिया भर में होण्डा की मोटरसाइकिलों एवं ऑटोमोबाइल्स की जानलेवा दुर्घटनाओं को शून्य तक लाने के लिए प्रयास करेगी।''एचएमएसआई इसी दृष्टिकोण से भारत सरकार के साथ काम करते हुए 2030 तक दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को आधा करने की दिशा में कार्यरत है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि 2030 तक हमारे बच्चों में सड़क सुरक्षा के प्रति सकारात्मक मानसिकता का विकास किया जाए और इसके बाद भी उन्हें इस विषय पर शिक्षित करना जारी रखा जाए। स्कूलों एवं कॉलेजों में सड़क सुरक्षा की शिक्षा न सिर्फ जागरुकता बढ़ाती है बल्कि युवाओं में सुरक्षा की भावना को भी बढ़ावा देती है, इस तरह वे सुरक्षा का संदेश देने वाले दूत बन जाते हैं। यह भावी पीढ़ियों को ज़िम्मेदार नागरिक बनकर सुरक्षित समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए सक्षम बनाती है।

एचएमएसआई एक ऐसी कंपनी बनने के लिए प्रयासरत है, जिसे समाज प्राथमिकता दे और ऐसे अनूठे विचारों के साथ समाज के सभी वर्गों के लिए सड़क सुरक्षा जागरुकता पर फोकस करती रही है जो स्कूली बच्चों से लेकर कॉर्पोरेट्स तक समाज के हर वर्ग पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करते हैं।

HONDA

# आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम : रैंकिंग में धार जिले के तिरला विकासखंड को मध्य क्षेत्र में प्रथम स्थान



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भारत सरकार के आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम की रैंकिंग में धार जिले के तिरला विकासखंड ने भारत के मध्य क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने विकासखंड की तिरला की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री जिम्मी बाहेती एवं संपूर्ण टीम को बधाई दी है।इस उपलब्धि पर तिरला विकासखंड को 1.5 करोड़ रुपए पुरुस्कार दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत देश के 329 जिलों के 500 विकासखंडों को सम्मलित किया गया है। जिसमे मध्यप्रदेश से चयनित 42 विकासखंड में धार जिले का विकासखंड तिरला भी शामिल है।नीति आयोग के निर्देशानुसार सर्वप्रथम विकासखंड द्वारा चिंतन शिविर का आयोजन कर आकांक्षी विकासखंड को प्रेरणादायी विकासखंड में परिवर्तित करने के लिए नीति आयोग के मापदंडों पर रणनीति तैयार की गई। रणनीति तैयार किए जाने के उपरांत धरातल पर कार्यों को संपन्न किया जा रहा है, जिसे गति प्रदान करने के लिये 30 सितंबर 2023 को भारत मंडपम नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संकल्प सप्ताह का शुभारंभ किया गया। आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चयनित 500 आकांक्षी विकासखंडों में समस्त विभागों के कार्यों में गति प्रदान कर हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। मध्यप्रदेश जिला धार के कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देशन और ज़िला पंचायत के सीईओ श्री श्रृंगार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा जनपद पंचायत तिरला की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री जिम्मी बाहेती के नेतृत्व में आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, आधारभूत अधोसंरचना एवं सामाजिक विकास जैसे कुल पांच मापदंडों पर जिला धार के विकासखंड तिरला को दिनांक 7 दिसंबर 2023 को डेल्टा रैंकिंग के आधार पर सेंट्रल ज़ोन में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर भारत सरकार, नीति आयोग द्वारा सम्मानित किया गया।

# कलेक्टर ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर प्रदान की सहयोग राशि



**भोपाल।** कलेक्टर आशीष सिंह को कलेक्टर कार्यालय में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सेना के अधिकारियों ने प्रतीक ध्वज लगाया। कलेक्टर सिंह ने अपनी ओर से सहयोग राशि तथा दिवस के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।उल्लेखनीय है कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं के सैनिक देश की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं में कर्त्तव्य पालन करते हुए वीरगति को प्राप्त होने वाले सैनिकों को स्मरण करने, सम्मान देने तथा देश के नागरिकों द्वारा सैनिकों के प्रति सम्मान भाव प्रकट करने के लिए वर्ष 1949 से प्रतिवर्ष 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस पर मोटर वाहनों में लगने वाले कार ध्वज तथा प्रतीक ध्वज वितरित करने से संग्रहित राशि से शहीद सैनिकों के आश्रित परिजन, दिव्यांग सैनिकों, पूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास से संबंधित आर्थिक सहायता योजनाएँ संचालित की जाती हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर बंदियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा अधिकार-मानव अधिकार पर होगा सेमीनार

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर मानव अधिकार आयोग द्वारा 10 दिसंबर रविवार को एक दिवसीय सेमीनार बंदियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा अधिकार - मानव अधिकार विषय पर होगा। नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में होने वाले इस सेमीनार के मुख्य अतिथि उच्चतम न्यायालय दिल्ली के न्यायाधिपति जितेंद्र कुमार माहेश्वरी होंगे अध्यक्षता मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहर ममतानी करेंगे।

### जनसंपर्क मंत्री ने सफारी के विकास कार्यों की समीक्षा कर दिये निर्देश

## मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी ज़रूर देखने आएं: मंत्री शुक्ल



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

जनसंपर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज मुकुंदपुर में महाराजा मार्तण्ड सिंह व्हाइट टाइगर सफारी का निरीक्षण किया। मंत्री श्री शुक्ल ने डायरेक्टर मुकुंदपुर ज़ू श्री सूरज सिंह सेंद्रान से सफारी में सुविधाओं के विकास एवं व्यवस्थाओं की योजनाओं की वृहद् जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिये। मंत्री श्री शुक्ल ने परिवार जनों के साथ प्रकृति के मनोरम दृश्य से भरपूर सफारी में जंगली जानवरों के विचरण का आनंद लिया। उन्होंने प्रकृति प्रेमी पर्यटकों से विंध्य क्षेत्र की पहचान बन चुकी व्हाइट टाइगर सफारी जरूर देखने की अपील भी की।

# गुंडों के हमले में घायल भाजपा कार्यकर्ता को देखने पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष शर्मा



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा का चुनाव परिणाम आने के बाद भोपाल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। भाजपा कार्यकर्ताओं पर इस तरह से प्राणघातक हमला करना सामान्य बात नहीं है। पूरी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ है। कार्यकर्ताओं पर हमला करने की घटना को भाजपा ने बहुत गंभीरता से लिया है। इस तरह के जघन्य वारदातों को अंजाम देने वाले अपराधियों को जिनका संरक्षण है उनको भी इस तरह की घटनाओं की कीमत चुकानी होगी। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कही है। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा आज रात अपराधियों के हमले में घायल भाजपा कार्यकर्ता देवेंद्र ठाकुर को देखने शाहपुरा स्थित पुष्पांजलि अस्पताल पहुंचे थे। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने घायल भाजपा कार्यकर्ता देवेंद्र ठाकुर का हाल जाना और चिकित्सकों से बेहतर इलाज करने को कहा। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ अरेरा मंडल के महामंत्री देवेंद्र सिंह ठाकुर पर धारदार हथियार से हमला कर एक हाथ की हथेली काट दी थी। इसी घटना में भाजपा कार्यकर्ता स्वनिल भी घायल हुए हैं। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सुमित पचौरी व पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा नेता देवेंद्र योगी का स्वागत



**भोपाल।** हुजूर विधानसभा की अभूतपूर्व जीत का मुख्य कारण विधायक रामेश्वर शर्मा का 365 * 5 दिन संपूर्ण विधानसभा में सक्रिय रहना रहा है। संगठन के निर्देश अनुसार एवं विधायक रामेश्वर शर्मा के मार्गदर्शन में हुजूरविधानसभा विस्तारक के रूप में क्षेत्र की कमान संभालते हुए शुभम गुप्ता का मार्गदर्शन एवं मंडल अध्यक्ष योगेश वासवानी के कुशल नेतृत्व में संपूर्ण वार्ड में प्रतेक बूथ पर बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समिति को निर्देशित किया , जिसका पालन करते हुए धरातल पर कार्य किया गया जिसका परिणाम अप्रत्याशित जीत में बदला इस जीत का श्रेय प्रतेक बूथ के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता एवं मतदाता को जाता है। विधायक रामेश्वर शमा क्षेत्र के विकास के लिए हर पल जीते हैं क्षेत्र के प्रत्येक कार्यकर्ता से उनका सीधा जुड़ाव रहता है जिससे क्षेत्र की समस्याओं का निदान तत्काल किया जाता है जिससे क्षेत्र की जनता संतुष्ट हैं। दूसरा आपके कार्यकाल में हुजूर विधानसभा को मध्य प्रदेश में सर्वाधिक विकास राशि स्वीकृत करने का गौरव प्राप्त हुआ है प्रदेश सरकार की लाडली बहन योजना एवं मोदी सरकार के द्वारा कोरोना कल से लेकर आज तक निशुल्क राशन वितरण से प्रतेक मतदाता खुश है जिसका परिणाम मध्य प्रदेश के अतिरिक्त अन्य राज्यों में भी भारतीय जनता पार्टी ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करते हुए सरकार बनाई है।


## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्री की अच्छी नीतियों से जनता ने भारी बहुमत दिलाकर विजयश्री दिलाई: शर्मा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

देश के महत्वपूर्ण राज्यों के विधानसभा चुनावों में जिस ढंग से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मतदाताओं ने अपने मत का अच्छा उपयोग करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों एवं कार्यक्रमों पर विश्वास करते हुए इस बार विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार को मजबूत करने के लिए भारतीय जनता पार्टी सरकार से गठन कराया है, उससे भविष्य में नई ऊर्जा के साथ हर राज्य में इन चुनावों के बाद मनोबल बढ़ेगा। म.प्र. शासकीय अधिकारी/ कर्मचारी महासंघ के प्रांताध्यक्ष रघुवीर प्रसाद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं केन्द्रीय मंत्री अमित शाह तथा केन्द्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों द्वारा अच्छे प्रयास से तीनों राज्य छत्तीसगढ़, राजस्थान एतं मध्य प्रदेश में स्थाची मजबूत सरकार बनाकर यह सिद्ध कर दिया है कि देश में जिस ढंग से प्रधानमंत्री की लोकप्रियता और उनके अच्छे कार्यक्रमों को पूर्ण सहयोग किया है।

शर्मा ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री ने जिस ढंग से आदिवासी समाज को उन्नति के मार्गदर्शन पर ले जाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए इन तीनों राज्यों में जनजातीय आदिवासियों में भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री की गारंटी पर विश्वास करते हुए सही निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री एवं पार्टी अध्यक्ष को इन राज्यों में सही प्रशासन देने एवं पूर्व में हुए पक्षपातपूर्ण कार्यवाहियों पर अंकुश लगाकर देश को प्रदेशों में अच्छा नेतृत्व प्रदान कर, जनता में विश्वास कायम रखना की अपेक्षा है यह तभी संभव है, जब कठिन से कठिन अच्छे प्रशासन के लिए निर्णय लिये जावें। श्री शर्मा ने बताया लोकसभा चुनाव 2024 में सभी अधिकारी/कर्मचारी पूर्ण सहयोग करने का विशेष अभियान चलायेंगे।

## प्राचीन ज्ञान पर आधुनिक अंतर्दृष्टि के साथ योग पर पुस्तक प्रकाशित




सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

गौरव मित्तल और डॉ. वरुण मल्होत्रा द्वारा लिखित %द प्रिस्क्रिप्शन फॉर सोलफुल हीलिंग% योग पर पुस्तक प्रकशित हुई है। 26 लेखों का यह अभूतपूर्व संग्रह शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कल्याण पर योग प्रथाओं के गहरे प्रभाव की पड़ताल करता है। उच्च रक्तचाप के प्रबंधन से लेकर हृदय स्वास्थ्य को बढ़ाने तक, प्रत्येक लेख योग के प्रभाव के एक नए पहलू का खुलासा करता है। प्राचीन ज्ञान को वैज्ञानिक जांच के साथ सहजता से मिश्रित करते हुए, यह सार-संग्रह ध्यान के समग्र लाभों को उजागर करने के लिए एक संक्षिप्त लेकिन व्यावहारिक मार्गदर्शिका प्रदान करता है। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह ने उन्हें इस उल्लेखनीय योगदान के लिए बधाई दी है।

# एमसीयू में आगामी सत्र से सिंधी एवं मराठी भाषा पाठ्यक्रम शुरु होगा : कुलपति






सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

### दो दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव का हुआ समापन

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के एमपी नगर स्थित विकास भवन में राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद एवं विश्वविद्यालय के भारतीय भाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया । दो दिवसीय उत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो.(डॉ) के.जी.सुरेश ने की, जबकि मुख्य अतिथि श्री लाजपत आहूजा (पूर्व संचालक, मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग एवं वरिष्ठ साहित्यकार) थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री अशोक मनवानी (संयुक्त संचालक मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग) एवं अशोक जमनानी (उपन्यासकार, कवि) थे। महाकवि श्री सुब्रमण्यम भारती जी की जयंती के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के भारतीय भाषा विभाग द्वारा आयोजित किया गया। दो दिवसीय उत्सव में क्विज, निबंध, भाषण एवं काव्य गोष्ठी का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) के.जी. सुरेश ने कहा कि भाषाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा विभाग का गठन किया गया है, जिसके अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया । उन्होंने सिंधी के साथ ही मराठी भाषा को भी बढ़ावा देने की बात करते हुए कहा कि आगामी सत्र से सिंधी एवं मराठी भाषा में पत्रकारिता का पाठ्यक्रम शुरु किया जायेगा।उन्होंने सिंधी भाषा पर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि हिंदी मेरी मां है और सिंधी मेरी मौसी है ।

जनसंपर्क विभाग के पूर्व संचालक एवं वरिष्ठ साहित्यकार लाजपत आहूजा ने कहा कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती दक्षिण से चलकर बनारस आए थे । उन्होंने कहा कि वे अखिल भारतीय व्यक्ति थे। सिंधी भाषा पर खतरा होने की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि सिंधी भाषियों को अपने घरों और अन्य जगहों पर भी सिंधी भाषा में ही बात करना चाहिए। उन्होंने सिंधी भाषा एवं सिंधी लिपि को बढ़ावा देने की बात की।संयुक्त संचालक जनसंपर्क,लेखक और सदस्य सलाहकार बोर्ड साहित्य अकादमी भारत सरकार (सिंधी भाषा) अशोक मनवाणी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर तीन भाषा विकास परिषद गठित की गई हैं। सिंधी, संस्कृत एवं उर्दू भाषाओं के पृथक प्रांत नहीं हैं और प्रांत के अभाव में इन भाषाओं का विकास अवरुद्ध ना हो इस दृष्टि से परिषदों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि छह प्रदेश में सिंधी साहित्य अकादमी भी कार्य कर रही हैं जिनमें मध्यप्रदेश भी शामिल है। उन्होंने विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा विभाग गठित होने पर खुशी जाहिर की। उपन्यासकार एवं कवि श्री अशोक जमनानी ने कहा पत्रकारिता विश्वविद्यालय में कविता होना अच्छी बात है। कार्यक्रम का संयोजन भारतीय भाषा विभाग एवं पत्रकारिता विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. राखी तिवारी एवं समन्वय ट्यूटर डॉ. जया सुरजानी ने किया। हिंदी एवं सिंधी भाषा में काव्य पाठ का आयोजन किया गया था, जिसमें कार्यक्रम में अखंड सिंधु संसार के संपादक ज्ञानचंद लालवानी, साहित्यकार सुश्री भारती आसुदानी, लेखिका यास्मीन खान निर्णायक के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक व सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. उर्वशी परमार, अतिथि अध्यापक सुश्री शिवाली श्रीवास्तव एवं सुश्री अंकिता त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेयी डीन अकादमिक डॉ. पी. शशिकला, प्रो. संजय द्विवेदी, पुस्तकालय एवं जनसंचार विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आरती सारंग, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव गुप्ता, निदेशक प्रोडक्शन डॉ.आशीष जोशी, सांध्यकालीन पाठ्यक्रम के प्रभारी श्री प्रदीप डेहरिया, नगर परिसर के डायरेक्टर श्री विवेक सावरीकर, विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी,कर्मचारी,विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।

ये रहे प्रतियोगिता के विजेता: क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर अभिषेक पांडे, नमन अटोलिया और सृष्टि कुमारी रहे, जबकि निबंध प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय, तृतीय प्रतिष्ठा पवार, और प्राची ठाकुर रहे द्य इसी तरह भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रोहित रोशन उद्यांश पांडे रहे ।

स म्पा द की य

# नया हौसला, नया मिशन, अभिनंदन...



अंग्रेजी साहित्य से स्नातक और फिर दिल्ली विश्वविद्यालय से वकालत की पढ़ाई। इस बीच आदिवासी पार्टी से चुनाव लड़ा और विधायक बन गए। मध्यप्रदेश में तीसरी पार्टी का एकमात्र विधायक। और फिर मोटर सायकिल से अपने घर से साढ़े तीन सौ किलोमीटर की यात्रा करके राजधानी पहुंचते हैं। लोकतंत्र के मंदिर में दंडवत करते हैं। और फिर शुरू करते हैं राजनीति की एक नई यात्रा, आंखों में अपने क्षेत्र के हर व्यक्ति के विकास का सपना लिए हुए।

यह कहानी जरूर लगती है। कोई गरीब व्यक्ति पहली बार विधायक बन कर आया हो, ऐसा भी नहीं है। लेकिन ऐसा गरीब युवक शायद पहली बार विधायक बन कर आया है, जो पढ़ा-लिखा है और अभी पढ़ ही रहा है। अंग्रेजी साहित्य से बीए, फिर वकालत की डिग्री हासिल करने की पढ़ाई। यह विधायक हैं कमलेश्वर डोडियार माता-पिता मजदूर हैं। छह भाइयों में मैं सबसे छोटे। बचपन से पढ़ने की ललक ने दिल्ली तक पहुंचा दिया। कहते हैं शुरू से ही पढ़ने की इच्छा थी, इसलिए इंग्लिश लिटरेचर से बीए की डिग्री हासिल की। इसके बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी से वकालत की पढ़ाई कर रहा हूं।

फिर राजनीति में कैसे दिलचस्पी हुई? जवाब भी शानदार। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को देखकर राजनीति में दिलचस्पी जागी। 2018 में तय किया कि राजनीति में आना है। और फिर जुट गए अपने मिशन पालिटिक्स में। शुरुआती 3 महीने तक बस से एक गांव से दूसरे गांव तक सफर किया। गांव के लोगों से मिलना शुरू किया। उनकी समस्याएं जानीं। पहला विधानसभा चुनाव 2018 में लड़ा, उस समय 2 हजार कार्यकर्ता साथ जुड़ गए थे। चुनाव लड़ने के लिए मेरे पास एक रुपया तक नहीं था। दोस्तों की मदद से ये चुनाव लड़ा। इस चुनाव में 18 हजार वोटों से चुनाव हार गया।

चुनाव हार गया, लेकिन अपने अभियान को आगे बढ़ाने का हौसला कम नहीं हुआ। इस बार भी चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें ज्यादा पैसों की जरूरत नहीं पड़ी। शरीर पर ओढ़ी हुई शॉल साले साहब की है। टोपी एक परिचित ने दे दी। और तो और चप्पल भी डोनेशन यानि दान के पैसों से खरीदी है। जिला पंचायत अध्यक्ष और सरपंच दोस्त हैं, और उन्होंने विधानसभा का पूरा चुनाव संभाला और आर्थिक मदद भी की।

कमलेश्वर के हौसलों का ही परिणाम है कि इस बार मप्र विधानसभा चुनाव में सपा, बसपा और आप खाता भी नहीं खोल सकी। इसके उलट एक नई नवेली पार्टी बीएपी की एंट्री हुई है। बीएपी यानी भारत आदिवासी पार्टी। रतलाम जिले की सैलाना सीट से बीएपी के उम्मीदवार कमलेश्वर डोडियार ने कांग्रेस के सीटिंग विधायक हर्ष विजय गेहलोत को 4 हजार 618 वोटों से हराकर प्रदेश में इस पार्टी का खाता खोला है। मूलतः राजस्थान में जन्मी बीएपी ने मप्र में आठ सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। और जिस आदिवासी पार्टी जयस का इस प्रदेश में जन्म हुआ, उसका राजनीतिक अस्तित्व कहीं दिखाई नहीं दे रहा।

डोडियार कहते हैं- मैं खुद का विकास नहीं करूंगा, लेकिन मेरा कार्यकाल पूरा होने से पहले क्षेत्र की जनता को विधायकों के बराबर अमीर बना दूंगा। मैं आज भी जमीन पर हूं, कल भी जमीन पर रहूंगा। मेरे क्षेत्र के 5 लाख लोगों की सेवा के लिए मुझे 24 घंटे काम करना है। लोगों को जो मूलभूत सुविधाएं मिलना चाहिए वो नहीं मिल रही हैं। उनका हक दिलाना मेरी प्राथमिकता होगी। वाकई सोच तो बड़ी है, अब ऐसा न हो कि जनसेवा के नाम पर विधायक बने तमाम उन नेताओं की कतार में यह नाम भी शामिल हो जाए, जिनके खेत सोना, हीरा और प्लेटिनम उगलने लगते हैं। जिनकी जनसेवा, स्वसेवा में बदल जाती है।

कमलेश्वर ने वर्तमान चुनाव के लिए जब नामांकन दाखिल किया था तो उन्हें कई प्रलोभन दिए गए। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने कहा था कि पैसा-गाड़ी ले लो, लेकिन चुनाव मत लड़ो। मैंने उन्हें जवाब दिया कि मेरे क्षेत्र में 4 लाख लोग रहते हैं। सभी को एक-एक करोड़ रुपए दे दो। सभी का विकास हो जाएगा। मेरा काम भी खत्म होगा और मैं समाधि ले लूंगा। अब कमलेश्वर डोडियार की सरकार में मंत्री बनने की इच्छा है।

सवाल उठता है कि प्रदेश में जब भाजपा का पूर्ण बहुमत है, तो वह किसी दूसरे दल के विधायक को क्यों मौका देगी? कमलेश्वर का मानना है कि यदि कोई टैलेंटेड है तो उसे मौका देना चाहिए। उदाहरण भी देते हैं, देश के पहले मंत्रिमंडल में पंडित नेहरू ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को कानून मंत्री बनाया था। जबकि वे कांग्रेस के सदस्य नहीं थे। कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को यूएन असेंबली में भाषण देने भेजा था, जबकि वे बीजेपी से थे। वह कहते हैं- मंत्री बनाते हैं तो ठीक है, नहीं तो विपक्ष की भूमिका में रहूंगा और अपनी उपस्थिति दर्ज कराता रहूंगा।

नौजवान विधायक को विश्वास है कि 2028 में तस्वीर बदल जाएगी। 47 विधायक तो एसटी कैटेगरी के हैं, 25 से 30 सीटें ऐसी हैं जहां आदिवासी वोटर निर्णायक भूमिका में हैं। इन सभी सीटों पर वह 5 साल में 100 कमलेश्वर खड़े करने की बात भी करते हैं। चुनाव जीतने के बाद बीएपी पार्टी के राजस्थान स्थित कार्यालय गये, वहां यह तय हुआ कि बीजेपी जॉइन नहीं करना है, कुछ शर्तों के साथ बीजेपी के साथ मिलकर काम कर सकते हैं। देखते हैं, क्या करना है और क्या कर पाते हैं।

लोगों के लिए कुछ कर पाने की यह ललक बनी रहती है या नहीं? कितने दिन तक यह ललक वास्तव में दिल में रहेगी? या दिखावा बन कर रह जाएगी? यदि सरकार के साथ मिलकर काम करने लगे, तो क्या सत्ता का नशा नहीं चढ़ेगा? ऐसे कई सवाल हैं, जिनका उत्तर भविष्य देगा। परंतु जिस हौसले और महत्वाकांक्षा को लेकर यह नौजवान विधानसभा में पहुंचा है, वह काबिले तारीफ है। उसके जज्बे को सलाम। उम्मीद करते हैं, ऐसे हौसलों और एक मिशन को लेकर और भी नौजवान राजनीति में आएं, लेकिन राजनीतिक स्वार्थ, भ्रष्टाचार की चकाचौंध और तमाम अन्य बुराइयों से ईश्वर उन्हें बचाए रखे, ताकि राजनीति में एक नये युग का आगमन हो सके। नए विश्वास के साथ नई पीढ़ी का अभिनंदन।

# ईवीएम पर ठीकरा



**एन के त्रिपाठी**

ईवीएम अर्थात् इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के अंदर अपने ऊपर आरोप सहने की अनोखी क्षमता है। विपरीत परिस्थितियों में यह विपक्षी दलों को अपनी हार का ठीकरा फोड़ने के लिए एक शरणस्थली का काम करती है। विडंबना यह भी है कि आज का सत्ता पक्ष जब विपक्ष में था, और हार का सामना करता था, तो वह भी ईवीएम को अपनी हार के कारणों के लिये बहाने के तौर पर प्रयोग करता था। आज के विपक्षी दल तब सरकार में थे और उन्हें ईवीएम पर पूरा भरोसा था।

कहा जाता है कि 1982 में पहली बार केरल में किसी चुनाव में ईवीएम का प्रयोग किया गया था। 1989 में सरकार के ही सार्वजनिक उद्योग भारत इलेक्ट्रिकल्स ने ईवीएम मशीन का निर्माण करना प्रारंभ किया। नब्बे के दशक में इसमें अनेक सुरक्षा के फ़ीचर डाले गए। अटल बिहारी बाजपेयी की एनडीए सरकार ने 1998 से 2001 के बीच में चरणबद्ध तरीक़े से इनका प्रयोग सभी चुनावों में प्रारंभ कर दिया। पुराने लोगों को आज भी उत्तर भारत के अनेक क्षेत्रों में, ईवीएम के प्रयोग के पहले के समय, बूथ कैप्चरिंग, वोट छापना आदि शब्द याद होंगे। इन्हीं क्षेत्रों में चुनाव के समय हिंसक होली खेलने का अच्छा अवसर भी प्राप्त होता था।

ख़ैर, यदि गंभीरता से बात की जाए तो ईवीएम एक स्टैंड अलोन मशीन है अर्थात इसका इंटरनेट से कोई कनेक्शन नहीं है। इसके अंदर ऐसा कोई भी पुर्ज़ा नहीं है जो इसे इंटरनेट से कनेक्ट कर सके। इस कारण इसे बाहर से हैक नहीं किया जा सकता। कोई संदेह न रहने के लिए इसे बिजली के स्थान पर बैटरी से चलाया जाता है। एक मिनट में पाँच से अधिक वोट इसमें नहीं डाले जा सकते हैं। अतः ज़बरदस्ती एक साथ सैकड़ों वोट इसमें नहीं डाले जा सकते हैं।



2011 में सुप्रीम कोर्ट ने इनमें वीवीपैट अर्थात वोटर वेरिफाईएबल पेपर ऑडिट ट्रेल की व्यवस्था करने का आदेश दिया, जिसे कुछ प्रतिशत मशीनों में लगाया गया। इससे कोई मतदाता यह सुनिश्चित कर सकता है कि उसने जिस पार्टी को वोट दिया है उसका वोट उसी पार्टी को गया है। इसकी व्यवस्था हर मशीन में धीरे धीरे बढ़ायी जा रही है। मतगणना प्रारंभ होने से पहले सभी पार्टियों के एजेंटों के समक्ष हर मशीन का ट्रायल भी होता है, जिसमें सैंपल के रूप में एजेंटों के समक्ष वोट दिए जाते हैं, और फिर उसका टोटल उनके सामने प्रस्तुत किया जाता है। इस टेस्ट के बाद ही मतदान प्रारंभ होता है।

केजरीवाल सहित कुछ अन्य विपक्षी राजनीतिक नेताओं ने ईवीएम मशीन को हैक करने की चुनौती दी थी। भारत के निर्वाचन आयोग ने कुछ श्वङ्करूमशीनें मेज़ पर रखकर सारे राजनीतिक दलों को चुनौती दी थी कि वे अपने बड़े से बड़े इलेक्ट्रॉनिक एक्सपर्ट को लेकर आएँ, और जितना भी समय लगे, इस मशीन को हैक करके दिखाएं। कोई आश्चर्य नहीं कि कोई भी व्यक्ति सामने नहीं आया।

इतना अवश्य हो गया है कि अब हारने वाली पार्टी ईवीएम के खिलाफ़ बहुत ज़ोरदार शब्दों में आरोप लगाने के स्थान पर दबी ज़बान से ही आरोप लगाती है। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के बाद भी ऐसी ही स्थिति बनी है।

कांग्रेस सहित अनेक अन्य पार्टियों ने घोषणा की है कि वे यदि सत्ता में आएंगे तो ईवीएम का प्रयोग बंद कर उसके स्थान पर पुरानी पद्धति के काग़ज़ के मत पत्र प्रचलन में लाएंगे। इसके लिए उन्होंने अमेरिका और जापान में ऐसे ही मत पत्रों का प्रयोग किए जाने की बात कही है। उन्होंने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि भारत में बहुत बड़ी संख्या में उम्मीदवार खड़े होते हैं, और कहीं कहीं तो मत पत्र छोटे अख़बार का स्वरूप ले लेता है। भारत के मतदाताओं की विशाल संख्या यदि इतने अधिक काग़ज़ का प्रयोग करेगी, तो कुछ ही आम चुनावों में भारत के जंगल समाप्त हो जाएंगे। भारत के मतदाता अब ईवीएम मशीन के अभ्यस्त हो गये हैं। सामान्य विवेक यह कहता है कि सभी राजनैतिक दल ईवीएम के प्रयोग को बंद करने के स्थान पर इसकी गुणवत्ता और सुरक्षा को और सुदृढ़ एवं सुनिश्चित करने की बात करें।

# रिवर्स गियर में कांग्रेस और एक्शन में शिवराज

**-अरुण पटेल**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की अगुवाई में जहां कांग्रेस रिवर्स गियर में पहुंच गई है तो वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कमलनाथ के छिंदवाड़ा के गढ़ में कमल का फूल खिलने के लिए एक्शन मोड में आ गए हैं। एक ओर मध्य प्रदेश में भावी मुख्यमंत्री कौन होगा इसको लेकर देश की राजधानी नई दिल्ली में गतिविधियां तेज हैं और मुख्यमंत्री पद के तमाम दावेदार पूरी तरह से वहां सक्रिय हैं तो वहीं दूसरी ओर शिवराज उन जिलों में जा रहे हैं जहां भारी लहर के बावजूद भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली है।

शिवराज ने संकल्प लिया है कि वह छिंदवाड़ा सहित सभी 29 लोकसभा क्षेत्र में कमल खिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं तो वहीं दूसरी ओर रिवर्स गियर में आई कांग्रेस के नेता कमलनाथ के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती छिंदवाड़ा के अपने गढ़ को बचाने की है । भाजपा इस किले में सेंध लगाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेगी । कौन बनेगा मुख्यमंत्री इसकी चिंता छोड़ शिवराज लोकसभा चुनाव की तैयारी में भिड़ गए हैं।

चुनाव के पहले यदि संभावनाएं काम करती हैं तो चुनाव के ?बाद सिर्फ मेहनत बोलतीं हैं। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजों के आईने में देखा जाए तो यह बात साफ जाहिर होती है कि कांग्रेस प्रदेश में रिवर्स गियर में आ गई है तो वहीं भाजपा ने जिस लैंड स्लाइड बहुमत के साथ सरकार में वापसी की राह तैयार की, वह उसकी कभी बोलकर और कभी खामोशी अख्तियार कर की गई मेहनत का नतीजा है। यही लैंड स्लाइड कांग्रेस की राहें रोककर खड़ा हो गया है, कब तक और कितने समय के लिए? फिलहाल तो कोई भी कुछ बताने की स्थिति में नहीं है।



हार के सही कारण तलाशने भोपाल में कांग्रेस बैठी तो लाख टके का यह सवाल उत्तर की तलाश में है कि क्या कांग्रेस कारणों को सही तरीके से जान और पहचान पाएगी । वह इन कारणों को कितना बताती है और कितना छिपाती है, यह उसकी मर्जी और अधिकार है। मगर, तय है कि अब मप्र में कांग्रेस को पुनर्गठन की राह पकड़नी ही होगी, विकल्पहीनता का बहाना भी नहीं चलेगा, यह नई कांग्रेस गढ़ने का वक्त है। हालांकि ऐसा नहीं है कि कांग्रेस ने मेहनत नहीं की या उसके पास मुद्दे नहीं थे। बस, चंद महीने पहले सक्रियता दिखाना पर्याप्त नहीं था। वह भी तब, जबकि उसके सामने सबसे चुनौती भाजपा की बड़ी चुनाव मशीनरी थी।

यह जरूर है कि उसके मुद्दों में से कुछ हाइजैक हो गए, भाजपा के लिए काम भी कर गए, लेकिन प्यार,जंग और अब सियासत में यह सब जायज है। बेहतर होता कि जवाबी तौर पर उसके पास सटीक दांव होता,प्लान बी,सी या डी होता व किलर इंस्टिक्ट भी, जो भाजपा के पास है वह होती। कमलनाथ का नेता और कार्यकर्ताओं से सीमित संपर्क,सीमित संवाद व असीमित ओरा भी नुकसान का एक कारण रहा माना जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

फिलहाल तो कांग्रेस का सफर 2023 से 2008 का नजर आता है,यानि रिवर्स गियर वाला। पार्टी फिर वहीं नजर आ रही है, जहां दिसंबर 08 में थी। उस वक्त भी अक्टूबर तक सब पॉजिटिव लगता था, संभावनाएं बार-बार पीसीसी पर दस्तक दे रही थीं, यहां से मंत्रालय तक एक नयी राह निकलती नजर आ रही थी। इस बार भी ऐसा ही था, जनता भी अनमनी थी, सारे ज्वलंत मुद्दे उसकी पेशानी पर परेशानी की तरह नजर आते थे, मगर शुरूआत में टिकटों का और बाद में चुनाव प्रबंधन ही मुद्दों समेत वर्ष 2008 जैसा लड़खड़ाता नजर आया।

इस बार भी, जनता कैसे भाजपा से कन्विंस हो गई, यह कांग्रेस के लिए केस स्टडी की तरह होना चाहिए, जबकि कांग्रेस ने मप्र से बेहतर टक्कर भाजपा को एंटी इंकम्बेंसी से जूझते छत्तीसगढ व राजस्थान में दी। खास बात यह है, कि भाजपा मप्र में इस तरह लड़ी जैसे साढ़े अठारह साल से विपक्ष में हो और कांग्रेस इस तरह लड़ती नजर आई जैसे साढ़े अठारह साल से सत्ता में हो ! भाजपा पूरे जोश में थी तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस आती सत्ता की कल्पना की मदहोशी में इस कदर नजर आई कि वह अपने लक्ष्य कोसों पिछड़ गई।

# बेलगाम होता सोशल मीडिया

**राकेश दुबे**

भारत सरकार को फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफ़ार्मस पर परोसी जा रही अश्लीलता पर ऐसी साइट्स को तुरंत प्रभाव से ब्लॉक कर सख्त कानूनी प्रावधानों को समाज हित में लागू करना चाहिये (हमारी संस्कृति में सदाचरण, चरित्र निर्माण, विनम्रता, प्रेम, दया, त्याग और आदर-सम्मान जैसे सद्गुणों को प्रमुखता रही है। इसके बावजूद हमें कुपथगामी एवं दुराचारी लोगों के किस्सों की कथाएं आए दिन प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में पढने, देखने और सुनने को मिलती रहती हैं, जिससे कहीं न कहीं यह भावना बलवती होती है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था में संस्कारों, आदर्शों, मूल्यों और नैतिक आचरण को लेकर भरपूर मार्गदर्शन होने के बावजूद क्यों समाज के कुछ लोग पथभ्रष्ट होकर गलत कार्यों में संलग्न रहकर सामाजिक ताने-बाने को दूषित करने का प्रयास करते हैं? यह सच है कि इंटरनेट, गूगल और सोशल मीडिया के लाभों को आज नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। आप यूट्यूब और गूगल सर्च इंजन से कैसी भी जानकारी तत्काल हासिल कर अपनी ज्ञान सुधा तृप्त कर सकते हैं। इन्हीं माध्यमों पर उपलब्ध अश्लील सामग्री पर रोक लगना चाहिए।




फेसबुक की वीडियो वाली रील्स सेक्शन में गंदे और अश्लील वीडियो की भरमार है, उस पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। सोशल मीडिया ने इसके उपयोगकर्ताओं को एक प्लटेफार्म उपलब्ध करवाया है। इस माध्यम द्वारा आप लेखन कार्य, पारिवारिक गतिविधियों, अपनी उपलब्धियों, विशेष पारिवारिक समारोह के चित्रों/वीडियो को व्यक्तिगत रूप से सांझा कर सकते हैं और सार्वजनिक रूप से आम लोगों तक पहुंचा सकते हैं। सिक्के के दो पहलुओं की तरह आजकल इंटरनेट और सोशल मीडिया के अच्छे बुरे दोनों रूपों के इस्तेमाल को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इन प्लेटफ़ार्मस को जहां आप अपनी रुचियों के परिमार्जन और आपसी मेल मिलाप आदि के दृष्टिकोण से सदुपयोग कर सकते हैं तो वहीं कुछ दुष्ट प्रवृत्ति के लोग इन प्लेटफ़ार्मस को रुपया कमाने और हमारी युवा शक्ति को बिगाड़ कर सामाजिक माहौल को दूषित करने में दिन-रात लगे हुए हैं। इन माध्यमों पर परोसी जा रही अश्लीलता पर कानूनी तौर पर रोक लगाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है।

सबसे पहले 1997 में पहला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सिक्सडिग्री शुरू हुआ था। इसकी स्थापना एंड्रयू वेनरिच ने की थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक बीते एक साल में इंटरनेट यूजर्स की संख्या 7.6 फीसदी बढ़ी है और यह 4.72 अरब तक पहुंच गई है। भारत में फेसबुक पर एक महीने में लगभग 200 करोड़, यूट्यूब पर 100 करोड़, इंस्टाग्राम पर 70 करोड़, रेड्डिट के 25 करोड़, पिनट्रेस्ट के 15 करोड़, आस्क एफएम के 16 करोड़ उपयोगकर्ताओं सहित करोड़ों भारतीय अन्य सोशल मीडिया साइट्स पर विजिट्स करते हैं। आज दुनिया की कुल आबादी के 60 प्रतिशत से अधिक के बराबर जनता सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रही है।

इन दिनो गलत सूचनाएं और उम्र छुपा कर 9-10 साल के छोटे-छोटे बच्चों ने भी फेसबुक पर अपने अकाउंट खोल रखे हैं और धड़ल्ले से सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं। ऑनलाइन शिक्षण के नाम पर बच्चों को स्मार्टफोन देना या उपलब्ध करवाना और उसे हर वक्त डाटा उपलब्ध करवाना मां-बाप की मजबूरी बन चुकी है। अब अभिभावक शिक्षित हो या अशिक्षित, प्रत्येक क्षण अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने से रहे, ऐसे में भारत में बढ़ता स्मार्टफोन्स का बाजार मां-बाप के समक्ष नई चुनौतियां भी खड़ी कर रहा है। ऊपर से फेसबुक, यूट्यूब और पोर्न साइट्स पर परोसी जा रही अश्लीलता से परिस्थितियां गंभीर होती जा रही हैं। जितने ज्यादा मोबाइल यूजर्स होंगे, उतना ही डाटा का इस्तेमाल बढ़ेगा और टेली कंपनियों के वारे न्यारे होंगे। इसलिए उनकी तरफ से हमारी किशोरवय एवं युवापीढ़ी गलत दिशा में जाती है तो भाड़ में जाए, उन्हें तो अपनी मोटी कमाई से मतलब है।

इन सोशल नेटवर्किंग साइट्स के कुछ लाभ भी हैं तो कुछ हानियां भी हैं। जैसे सोशल मीडिया के इस्तेमाल से आप अकेलेपन का शिकार होने से बचते हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट्स से आप हमेशा व्यस्त रह सकते हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट्स आपके बिजनेस को भी फायदा पहुंचा सकती हैं और इन्हीं साइट्स पर आपको ठगा भी जा सकता है। सोशल नेटवर्किंग एक प्रकार की लत है और आप इसके आदी होते चले जाते हैं। कई बार सोशल नेटवर्किंग साइट्स से आपका डाटा और फोटो भी चोरी कर लिए जाता है जिसका प्रयोग गलत कार्यों के लिए किया जा सकता है। सोशल नेटवर्किंग का इस्तेमाल करते समय आपको कुछ सावधानियां बरतनी चाहिएं, जैसे सोशल साइट्स पर हमेशा अपनी पूरी जानकारी अपलोड न करें। सोशल साइट्स के द्वारा बने दोस्तों को आप अपनी पर्सनल जानकारी न दें। यह बात हमेशा ध्यान रखें कि सोशल नेटवर्किंग साइट्स नए लोगों से मिलने और उनसे जुडने का बस एक माध्यम भर है, अतएव इसे आप अपनी जिंदगी का हिस्सा न बनाएं।

भारत सरकार ने नए आईटी नियमों को 26 मई 2021 को लागू किया है। नए नियमों के अनुसार व्हाट्सऐप और फेसबुक जैसी सोशल मीडिया प्लेटफ़ार्मस के जरिए भेजे और शेयर किए जाने वाले मैसेजेस के ओरिजनल सोर्स को ट्रैक करना जरूरी बनाया गया है। यानी अगर कोई गलत या फेक पोस्ट वायरल करता है तो सरकार कंपनी से उसके ऑरिजनेटर के बारे में पूछ सकती है और सोशल मीडिया कंपनियों को बताना होगा कि उस पोस्ट को सबसे पहले किसने शेयर किया था। जिस प्रकार आज धड़ल्ले से फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अश्लीलता परोसी जा रही है, वह भारतीय संस्कृति के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है और भारत सरकार को निश्चित रूप से ऐसी साइट्स को तुरंत प्रभाव से ब्लॉक कर सख्त कानूनी प्रावधानों को समाज हित में लागू करना चाहिए, अन्यथा सोशल मीडिया बेलगाम हो जाएगा।

# भारतीय राजनीति में नई संस्कृति

भारतीय राजनीति में नया कल्चर देखने को मिल रहा है। हाल ही में चार राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में बीजेपी के 12 सांसद विधायक बन गए। उनमें से 10 ने इस्तीफा देकर विधायकी अपनाई। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभाओं के लिए निर्वाचित बीजेपी के 12 सांसदों में से 10 ने बुधवार को संसद से इस्तीफा दे दिया। बाकी दो के बारे में भी माना जा रहा है कि जल्दी ही इस्तीफा भिजवा देंगे। ये सब नवनिर्वाचित विधायकों के रूप में अपनी भूमिका जल्दी ही शुरू करेंगे। देश की राजनीति में संभवतः यह पहला ही मौका है, जब इतनी बड़ी संख्या में किसी पार्टी के सांसदों ने राष्ट्रीय राजनीति से हटकर प्रदेश राजनीति में सक्रिय भूमिका चुनी हो।

इसका पहला परिणाम तो यह हुआ है कि तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही अटकलबाजी और दिलचस्प हो गई है। मध्य प्रदेश में मौजूदा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और छत्तीसगढ़ व राजस्थान में क्रमशः पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमण सिंह और वसुंधरा राजे सिंधिया पहले से इस पद के दावेदार बताए जा रहे हैं, लेकिन प्रेक्षकों का कहना है कि बीजेपी नेतृत्व तीनों राज्यों में नए चेहरे को कमान सौंपना चाहता है। इस रस्साकशी का नतीजा क्या निकलता है यह जल्द स्पष्ट होगा, लेकिन इस्तीफों के बाद यह संभावना मजबूत हो गई है कि पार्टी नेतृत्व इन नेताओं के अनुभव का लाभ उठाने की मंशा से इन्हीं में से किसी को मौका देना चाहेगा।

केंद्र में नए मंत्रियों को लेकर अटकलें ः दूसरा नतीजा यह है कि पार्टी के अंदर और बाहर इस सवाल पर भी चर्चा शुरू हो गई है कि इस्तीफों से खाली हुई जगहों को भरने का क्या इंतजाम होगा। चूंकि छह महीने के अंदर लोकसभा चुनाव होने हैं, इसलिए उपचुनावों की कोई संभावना नहीं है। लेकिन केंद्रीय मंत्रिमंडल में जो अहम पद खाली हुए हैं, उन्हें भरने की कोई पहल हो सकती है। स्वाभाविक ही पार्टी के अंदर इस बात को लेकर बेचैनी दिखने लगी है ऐसी कोई पहल होगी या नहीं और होगी तो किन्हें मंत्रिमंडल में प्रवेश का मौका मिलेगा।

तात्कालिक सवालों से अलग होकर इस प्रकरण को देखा जाए तो साफ है कि मुख्यमंत्री या उपमुख्यमंत्री के रूप में भूमिका मिले या न मिले, सांसदी छोड़कर राज्यों में विधायक की भूमिका में आए ये नेता प्रदेश राजनीति को अलग ढंग से समृद्ध करेंगे। अव्वल तो केंद्रीय मंत्री और सांसद के रूप में उनका अनुभव उन्हें अपेक्षाकृत छोटे कार्यक्षेत्र में चीजों को ज्यादा बारीकी से देखने का मौका देगा, जिसका लाभ बाकी विधायकों को ही नहीं, पार्टी और सरकार को भी मिल सकता है। दूसरी बात यह कि इनकी मिसाल से यह बात बार-बार रेखांकित होगी कि राजनीति सिर्फ अपनी निजी उपलब्धियों में इजाफा करने या अपना कद बढ़ाते रहने की जद्दोजहद का नाम नहीं है। पार्टी के प्रति समर्पण का यह रूप कम से कम बीजेपी में पॉलिटिक्स के नए कल्चर को मजबूती देगा, ऐसी उम्मीद निराधार नहीं कही जा सकती।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# विस निर्वाचन के दृष्टिगत निलंबित किए गए शस्त्र लायसेंस बहाल

औबेदुल्लागंज।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अरविंद दुबे द्वारा सम्पूर्ण रायसेन जिले के अंतर्गत आने वाले नगरीय, ग्रामीण और थाना क्षेत्रों के समस्त शस्त्र लायसेंस निलंबित किए गए थे। मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 की प्रक्रिया तथा मतगणना कार्य सम्पन्न होने के परिणामस्वरूप जिला दण्डाधिकारी अरविंद दुबे द्वारा आर्म्स एक्ट 1959 के तहत सम्पूर्ण रायसेन जिले के अंतर्गत आने वाले समस्त अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र लायसेंस 06 दिसम्बर 2023 को निलंबन से बहाल कर दिए गए हैं।

# एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 6 जनवरी को होगा

छतरपुर। भारत निर्वाचन आयोग ने 5 दिसम्बर को विधानसभा निर्वाचन वाले राज्यों के लिए निर्वाचन के उपरांत फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम ( 01 जनवरी 2024 ) जारी किया है। कार्यक्रम के अनुसार पुनरीक्षण के पूर्व के गतिविधियों में मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण, फोटो में सुधार, सेक्सन का पुनर्निर्धारण, जेंडर एवं ईपी रेशों में गैप में सुधार, कंट्रोल टेबिल अपडेशन, फॉर्मेट 1 से 8 बनाना, प्रारूप प्रकाशन की तैयारियां। उक्त कार्यों के लिए 20 दिसम्बर से 5 जनवरी 2024 की तिथि निर्धारित की गई है। एकीकृत मतदाता सूची का प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को होगा। दावे आपत्तियां 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक दर्ज कराई जा सकती है। विशेष कैंप दावे एवं आपत्तियों की अवधि के दौरान पड़ने वाला शनिवार एवं रविवार होंगे। दावे आपत्ति का निराकरण 2 फरवरी 2024 को होगा और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 को किया जाएगा।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचक अधिकारी संदीप जी.आर. ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक निर्वाचक अधिकारियों को जारी कार्यक्रम के तिथियों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिये है। उन्होंने ऐसे मतदान केन्द्रों में जिनमे मूलभूत सुविधाएं नहीं या जो सुविधा की दृष्टि से सुगम नहीं है या जिनके भवन पुराने जीर्णशीर्ण है को बदलकर नवीन शासकीय भवनों में स्थापित करने के निर्देश दिये है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आमजन से अपील की गई है कि सभी छूटे हुये पात्र जन उपरोक्त तिथियों के अनुसार बीएलओ के माध्यम से या ऑनलाइन नाम जोड़े जाने हेतु किसी भी तरह के संशोधन अथवा प्रविष्टि के आवेदन करें। किसी भी तरह की समस्या होने पर टोलफ्री नम्बर 1950 पर बात कर समाधान प्राप्त करें।

# राजीव यादव ने खोला मोर्चा, कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने के लगाए आरोप

धार। हमारे कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है कि तुमने राजीव यादव के लिए काम क्यों किया, छोटे-मोटे काम धंधे कर आजीविका चलाने वालों को धमकाया जा रहा है, उनका क्या दोष है। इस नाते में आपके बीच बैठा हूं और यह मेरी व्यक्तिगत लड़ाई थी और हमेशा जारी रहेगी। मेरे कार्यकर्ताओं के खिलाफ कुछ भी होता है तो मैं सड़क पर उतरूंगा। मैं शासन से बात करूंगा, प्रशासन से बात करूंगा, संगठन तक बात पहुंचाने का प्रयास करूंगा कि ये इस तरह से धार की व्यवस्था को चलाने की कोशिश कर रहे है, वह नहीं होगा।

यह बात गुरुवार को प्रेसवार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष व विधानसभा चुनाव निर्दलीय तौर पर लड़ने वाले प्रत्याशी राजीव यादव ने धार में कही। कुम्हारगढ़ा स्थित आवास पर उन्होंने पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान कई मुद्दों पर बात की। साथ ही उनके कार्यकर्ताओं को धमकाने के आरोप लगाए है। यादव ने कहा शहीद क्रांति यात्रा जब मैं राजनीतिक क्षेत्र में भी नहीं था, तब से निकालता आ रहा हूं, शहीदों के अपमान में उन्होंने शब्द बोले। कावड़ यात्रा के कलश का अपमान किया। मेरे इन कामों को अपने मजाक के रूप में लोगों के बीच प्रस्तुत किया। मीसाबंदी नेता को लेकर अपशब्द कहे जा रहे है, पर्चे-पटाखे फोड़ रहे है, यह गुंडागर्दी है ना। धार को स्वच्छ करने की बात कह रहे है और खुद हिस्ट्री शीटरों को लेकर सड़कों पर घूम रहे है, जैसे हमनें बहुत बड़ा काम कर दिया। मुझ पर एक आरोप सिद्ध कर दें, नहीं तो मैं सबकी लिस्ट बनाऊंगा और सड़क पर उतरूंगा। जो चलते आया है, वह अब नहीं चलने दूंगा।

इस दौरान यादव ने ट्रेंचिंग पर कचरा फेंकने वाली बात का भी जिक्र करते हुए कहा कि ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरा फेकेंगे। यादव ने कहा 21 हजार 114 लोग कचरा है क्या, जो लोगों ने मुझे दिए है। आपकों मतो का तो सम्मान करना होगा। यादव ने कहा आप अपना काम कीजिए, अपने दायित्व का निर्वहन कीजिए, आप मतदाताओं को कचरा कह रहे है, मुझ पर आरोप लगाए जा रहे है, यदि इन्हें सिद्ध करते है तो मैं अपने जीवन में कोई काम नहीं करूंगा। यादव ने कहा पीथमपुर से लेकर धार तक में सूचियां बनवा रहा हूं। इसमें कहां अवैध गतिविधियां हो रही है। उसकी सूचना शासन-प्रशासन और मीडिया को भी साझा करूंगा।



**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्यभारत प्रांत का 56 वा प्रांत अधिवेशन इंद्रप्रस्य नगर, दिल्ली मै सम्पन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में सहकर भारती के राष्ट्रीय संघठन मंत्री संजय पांचपोर एवं पुनः निर्वाचित प्रांत अध्यक्ष धर्मेंद्र राजपूत नव निर्वाचित प्रांत मंत्री संदीप वैष्णव उपस्थित रहे।**

# आमगांव बड़ा के सरपंच अपनी मनमर्जी से स्वयं कर रहा निर्माण कार्य नागरिक परेशान

नरसिंहपुर। ग्राम आमगांव बड़ा के नायक वेयरहाउस के मालिक संतोष नायक ने पुलिस चौकी आमगांव प्रभारी को लिखित ज्ञापन 27 नवंबर को जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई श्री नायक ने अपने ज्ञापन में पुलिस चौकी आमगांव प्रभारी को प्रेषित करते हुए कहा था कि ग्राम आमगांव बड़ा में मेन रोड पर नायक वेयरहाउस के पास नाम से वेयरहाउस का संचालन करता हूं द्य वेयर हाउस ब रोड के बीच लगभग 6 फुट फुटपाथ के रूप से खाली पड़ी हुई है द्य। उक्त भूमि पर सरपंच मोहन सकवार जबरन अतिक्रमण कर पिल्लर डालकर दूकान निर्माण कर रहे है। यदि आवेदक निर्माण करने से सफल हो जाता है तो रोड़पर वयस्त आवागमन में बाधा उत्पन्न होगी तथा भविष्य में अन्य अतिक्रमणकर्ता का भी हौसला बढ़ेगा। वेयर हाऊस के पास ही आमगाँव का बस स्टैंड है, अतिक्रमण होने से आवागमन में भी बहुत समस्या उत्पन्न होगी और दुर्घटनाओं की से संभावना बनी रहेगी।अतिक्रमण स्थल पर आज दिनाँक 27.11.2023 को सुबह 11.30 बजे गया तब आवेदक बातचीत करने पर भी समस्या का हल नहीं हुआ, ऐसा लगने लगा की झगड़ा होगा ।अतः प्रार्थना है की अतिक्रमण रोके और जाकर उचित कर्यवाही करने की कृपा करे जिससे शांति व्यवस्था रह सके ।इसी तरह समक्ष नोटरी करेली तहसील करेली पेश करने हेतु न्यायालय तहसीलदार करेलीके समक्ष भी शपथकर्ता– संतोष नायक पिता तुलसीराम नायक निवासी महेन्द्र वार्ड करेली जिला नरसिंहपुर निवासी ने भी कहा कि शपथकर्ता निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता है कि- यह कि मौजा आमगाँव बडा प0ह0न0 22/54 तहसील करेली जिला नरसिंहपुर अंतर्गत आवेदक को बेयर-हाउस है जिसमे दुकाने भी बनी हुई है। दुकान के सामने रोड है और रोड से लगा हुआ पानी निकासी नाला बना हुआ है उक्त नाला पर अतिक्रमण कर स्वयं ही ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव दोनो अपनी मनमानी कर इंजीनियर द्वारा चबूतरा निर्माण कार्य किया जा रहा है उक्त चबूतरा निर्माण कार्य किया जाता है तो पानी निकासी नही हो पाएगी और आवागमन भी प्रभावित होगा। इसलिए उक्त निर्माण कार्य को रोका जाना अति आवश्यक है। जिस संबंध में मौका का छायाचित्र संलग्न है। आवेदक के द्वारा अनावेदकगणो को समझाईश दी गई मगर अनावेदकगणो का कहना है द्यकि कार्य नहीं रूकेगा आप से जो बने कार्यवाही करो तो आवेदक अनावेदकगणो के द्वारा किया जा रहा अनाधिकृत कब्जा व निर्माण कार्य को रोका जाना अति आवश्यक है । यह कि शपथकर्ता का शपथपत्र एवं आवेदन पत्र एवं दस्तावेज स्वीकार करते हुये यथाशीघ्र ही मौका मुआयना कराया जावे और जब तक की स्थिति में उक्त अनाधिकृत निर्माण कार्य को रोके जाने हेतु स्थगन आदेश जारी किये जाने की कृपा करे जी शपथपत्र दिया सो सही द्य में शपथकर्ता आज दिनांक को उपस्थित कचहरी करेली में वर्णित कंडिएका 01 से 3 तक का कथन मेरे स्वतः के ज्ञान से सत्य व सही है द्य उक्त आरोप आवेदक संतोष नायक ने न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी महोदय करेली जिला नरसिंहपुर ने ग्राम सरपंच मोहन सकवार, ग्राम सचिव मस्तराम,- इंजीनियर ढोले साहब आमगाँव बडा पर लगाए द्य आवेदक संतोष नायक का कहना है कि 18 जनवरी 2013 को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला देकर सभी राज्य सरकारों को आदेश दिया था कि रोड पर मूर्ति निर्माण के लिए परमिशन नहीं दी जा सकती रोड पर किसी भी तरह के कंट्रक्शन के लिए स्ट्रक्चर नहीं किया जा सकता द्यइतना ही नहीं रोड के साइड में भी किसी तरह का निर्माण नहीं हो सकता जब इस संबंध में ग्राम के सरपंच को मौखिक रूप से अवगत कराया गया था कि ग्राम के सरपंच का कहना है कि ग्राम आमगांव बड़ा में जो भी होगा हमारे हिसाब से होगा इसमें किसी भी न्यायालय की दखलंदाजी नहीं चलेगी हम ही सर्वे सर्वा है यदि हमको परेशान किया जाएगा तो द्य हम एससी एसटी एक्ट के तहत झूठी शिकायत आपके ऊपर करेंगे द्य

# औबेदुल्लागंज चौराहे पर स्थित मिष्ठान भंडार में लगी आग

## हजारों का सामान स्वहः



**औबेदुल्लागंज संवाददाता.** गुरुवार दोपहर लगभग 02 बजे नगर के मुख्य चौराहे स्थित रमेश अग्रवाल की मिठाई की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। दुकान में जब तक अग्निशमन वाहन पहुंचते तब तक मिष्ठान भंडार में काफी कुछ जलकर खाक हो चुका था। ज्ञात हो कि मुख्य चौराहे पर स्थित अग्रवाल मिष्ठान भंडार विगत कई वर्षों से संचालित हो रहा था। आग किस कारण लगी इसका पता नही लगाया जा सका था। अज्ञात कारणों से इससे पहले नगर के मुख्य चौराहे की चूड़ी बाज़ार में आग लग चुकी है, जिसमे चूड़ी वालों सहित अन्य लोगों का आर्थिक नुकसान हुआ था। गुरुवार दौपहर हुए अग्निकांड में किसी के हताहत न होने की ख़बर है। बाज़ार में लोगों द्वारा जैसे-तैसे आग पर काबू पाने का भरसर प्रयास किया गया। किसी तरह की जान को हानि पहुंचने से पहले पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने आ गई थीं।

# मुख्यमंत्री से मिले नवनिर्वाचित विधायक, बोले नरेन्द्र को मिला जनता का भरपूर आशीर्वाद



बरेली। उदयपुरा विधानसभा से प्रचंड विजय प्राप्त कर निर्वाचित होने वाले विधायक नरेंद्र शिवाजी पटेल एवं विधायक पुत्र अभिज्ञान पटेल गुरुवार को भोपाल पहुंचे जहां पर भाजपा कार्यालय पहुंचकर संगठन मंत्री प्रदेश अध्यक्ष सहित तमाम वरिष्ठ नेताओं से भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त कर आभार जताया दिनभर स्वागत का क्रम भोपाल में चलता रहा वहीं शाम को नरेंद्र शिवाजी पटेल ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुख्यमंत्री निवास में पहुंचकर भेंट की और मध्य प्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत की मुख्यमंत्री को बधाई दी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने नरेंद्र शिवाजी पटेल को विजय होने पर बधाई देते हुए कहा कि नरेंद्र को जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला है मैंने बरेली में मंच से कहा था कि बरेली जीतते हैं जब ही मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार बनती है और यह सच साबित भी हुए हैं नरेंद्र जनता की भरपूर सेवा करो उदयपुरा विधानसभा के विकास कार्य में कोई कमी ना आए लोगों ने जिस तरह तुम्हें आशीर्वाद दिया है उसे पर पूर्ण रूप से खरा उतारो हर संभव मदद के लिए मैं खड़ा हूं 7 मुख्यमंत्री के यह वचन सुनकर नरेंद्र शिवाजी पटेल ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि आपने मुझे भाजपा प्रत्याशी बनाकर एक अवसर दिया जनता की सेवा करने का आपके विश्वास और जनता के विश्वास पर पूर्ण रूप से खरा उतरूंगा 7 भारतीय जनता पार्टी संगठन का बहुत-बहुत आभार 7

## बेदाग शर्मा के परिवार पर आरोप लगाने वालों के गिरेवान में दाग ही दाग

# राजनीति करना है करो, परिवार पर आरोप क्यों लगाते हो: पं. भवानीशंकर शर्मा

नर्मदापुरम्। चुनाव के दौरान शर्मा परिवार पर आरोप लगाने वाले लोगों के खिलाफ आज पं. भवानी शंकर शर्मा ने जमकर हमला बोला। पत्रकारवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि राजनीति करना है करो लेकिन हमारे परिवार ने आपका क्या बिगाड़ा है जो आरोप लगाते हो। हमारा परिवार वर्षों से समाज की सेवा करते आ रहा है। धार्मिक आयोजन हो या सांस्कृतिक या फिर साहित्यिक आयोजन सभी आयोजनों में हमारा परिवार बढ़-चढ़कर आगे रहता है। यह आमजन स्वयं देख रहा है। हमारा परिवार बेदाग है इसलिए हमें दोनों पार्टियों ने टिकट दी है। आरोप लगाने वाले खुद अपने गिरेवान में झांककर देखें दाग ही दाग मिलेंगे। हमारा परिवार 35 वर्षों से लगातार राजनीति कर रहा है हमारे ऊपर एक भी दाग हो तो बता दें।

उन्होंने पत्रकारवार्ता के दौरान नाम लिए बगैर एक डाक्टर के बारे में कहा कि आप कहां से आए हैं आपका इस नगर को क्या योगदान है। झोलकर लेकर आए थे करोड़ों संपत्ति कहां से आई। उन्होंने कहा कि सरकार की आयुष्मान योजना से फायदा उठाया है।



वहीं दूसरी ओर पूर्व नपाध्यक्षों पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब ये लोग राजनीति में आए थे तब इनके पास क्या था। एक नपाध्यक्ष तो बाढ़ पीड़ित कालोनी में रहती थी स्कूटी तक नहीं थी अचानक से इतना पैसा कहा से आ गया। ईडब्ल्यूएस का मकान बंगले में तब्दील हो गया। एक नहीं दो दो कारें हैं। इन दोनों पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के समय प्रारंभ की हुई नर्मदा जल योजना जो कि भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ चुकी है, इसमें सस्ते पाइप खरीदे गए हैं यह सब जनता के सामने हैं।

वहीं दूसरे पूर्व नपाध्यक्ष के खिलाफ मुखर होते हुए कहा कि नपाध्यक्ष बनने से पहले इनके पास क्या था। इन्होंने नपाध्यक्ष की कुर्सी सिर्फ पैसा कमाने की मशीन समझ लिया था। पीएम आवास में हुए घोटाले के कारण इन्हें बीच में नपाध्यक्ष पद से हटा दिया। उन्होंने ओर पूर्व जनपद अध्यक्ष पर कहा कि इनकी फाइल उठाकर देख ली जाए तो घोटाले ही घोटाले निकलेंगे। वहीं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए इनसे अपने कमरे की सफाई तक तो हुई नहीं ये टिकट मांगने चले थे। आखिरकार सभी विरोधियों को जनता ने बाहर का रास्ता दिखा दिया। वही एक पूर्व पार्षद जो की रेत का अवैध काम करता है। वही एक पार्टी महामंत्री भी जो की सट्टे के कारोबार से जुड़ा हुआ है। इन्होंने चुनाव में खुलकर विरोध किया है यह सब अपनी गिरहबान झांक कर देखें तो इन्हें सब पता लग जाएगा किसी पर आरोप लगाना क्या होता हैं।

# ट्रांसपोर्ट नगर को सुव्यवस्थित किया जाएगा: कलेक्टर

## ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं अन्य स्टेक होल्डर के साथ बैठक सम्पन्न




छतरपुर,। छतरपुर शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं ट्रांसपोर्ट नगर को सुव्यवस्थित करने के लिए गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, एडीएम नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम बलवीर रमन, नगर पालिका सीएमओ माधुरी शर्मा, यातायात प्रभारी दलवीर सिंह मार्को सहित विद्युत, आरटीओ के अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्यगण, मैकेनिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री जी.आर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ट्रांसपोर्ट नगर का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त कराएं। इनमें पेयजल, बिजली, सड़क आदि शामिल हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि ट्रांसपोर्ट नगर में अधोसंरचना बेहतर बनाई जाए। उन्होंने पार्किंग की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही नो पार्किंग जोन बनाने के भी निर्देश दिए गए। जिससे गलत जगह वाहन खड़े न हों और जाम लगने जैसी स्थिति निर्मित न हो सके। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन ट्रांसपोर्ट नगर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। बैठक में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन से ट्रांसपोर्ट नगर को व्यवस्थित बनाने के सुझाव लिए गए। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर मे कितनी गाड़ियों के लिए स्थान चाहिए। इस संबंध में एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिए। एसोसिएशन द्वारा यह बताने पर कि वहां चोरी की घटनाएं होती है और पुलिस चौकी को प्रारंभ करने की मांग पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस चौकी में पर्याप्त स्टॉफ उपलब्ध कराया जाएगा और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाएगा। बैठक में मैकेनिकों के साथ भी चर्चा की गई और उनकी समस्याओं को सुना गया। कलेक्टर ने रोड के किनारे अनावश्यक अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने नगर पालिका को सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए। नगर पालिका अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाईमास्ट लाइट जल्द ही लगाई जा रही है।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया

छतरपुर,। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 7 दिसंबर को जिला मुख्यालय छतरपुर में गरिमापूर्णढंग से मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जी.आर. को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर राम विशाल यादव ( से.नि. ) ने लेपल पिन लगाया। कलेक्टर ने सभी पूर्व सैनिकों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा सैनिक कल्याण अधिकारी को सैनिकों के सम्मान और कल्याण के लिए अधिकाधिक सहायता राशि प्राप्त करने का परामर्श दिया। कलेक्ट्रेट में उपस्थित अन्य विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को भी लेपल पिन व टोकन फ्लैग लगाए गए एवं दान राशि एकत्रित की गई।

# विधानसभा चुनाव परिणाम उपरांत आभार व्यक्त किया विधायक विजयपालसिंह ने



सुबह सवेरे सोहागपुर। विगत दिवस विधानसभा चुनाव परिणाम उपरांत देर रात क्षेत्रीय विधायक विजयपालसिंह ने सोहागपुर विधानसभा के अस्तित्व के बाद से लगातार विधानसभा में चौथी बार परचम फहराने के बाद विधानसभा मुख्यालय में नागरिकों का आभार व्यक्त करने पहुंचे ।भाजपा विधायक विजयपालसिंह ने अतिउत्साह के साथ जनता-जनार्दन का आभार जताया। आपने नर्मदापुरम, माखननगर के अलावा सोहागपुर में आपने माखननगर के मतदाताओं के अलावा पूर्व विधायक सविता दीवान का आभार जताया।लेकिन इस बार उनके उद्बोधन में चुनावी तल्खी झलकती रही। वहीं नगर में लाव-लश्कर के साथ नगर में जमकर आतिशबाजी जलाई गई।इतनी आतिशबाजी संभवतः दिवाली के इतिहास में भी नहीं जलाई गई होगी। इस अवसर पर नवनिर्वाचित विधायक विजयपालसिंह के साथ हाल ही कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुई पूर्व विधायक सविता दीवान भी थी। क्षेत्रीय विधायक विजयपालसिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पराजसिंह पटैल की चुनाव पूर्व की टिप्पणी उत्तर देते हुए कहा कि लो मैं तवा पार आ गया हूं। मुझे किसी छोड़ा तो मैं छोड़ता नहीं हूं। आभार व्यक्त करके अवसर पर विधायक विजयपालसिंह के प्रत्येक कटाक्ष पर उपस्थित जनों ने जमकर तालियां बजाने के साथ भारत माता की जय के नारे लगाए। सोहागपुर ब्लाक से भाजपा की काफी कम मत प्राप्त हुए हैं इस पर आपने कहा कि मुझसे कहां गलती हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि मैंने हमेशा क्षेत्र के विकास पर लगातार 15 सालों हर क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी थीं,?।

## धार नपाध्यक्ष-उपाध्यक्ष सहित 7 पार्षद निष्कासित.नालछा मंडल अध्यक्ष को किया पदमुक्त

# पीथमपुर-सागौर सहित धार ग्रामीण मंडल व मोर्चा पदाधिकारियों की कार्यकारिणी भी की गई भंग, भाजपा की बड़ी कार्रवाई

धार। जिले में हाल ही में संपन्?न हुए विधानसभा चुनावों के बाद भारतीय जनता पार्टी ने उन नेताओं पर कार्रवाई की है, जो भाजपा के खिलाफ काम कर रहे थे। साथ ही उन लोगों पर भी कार्रवाई की है, जो चुनाव में निष्क्रिय थे। यह कार्रवाई पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा के उस बयान के बाद देखने को मिली है, जो उन्?होंने आभार रैली के दौरान धार की आनंद चौपाटी पर दिया था। इस दौरान एक पत्र भी जिलाध्?यक्ष मनोज सोमानी को सौंपा गया था। भाजपा ने प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति लेकर निष्?कासन की बड़ी कार्रवाई की है। इसमें धार शहर, धार ग्रामीण, सागौर, नालछा मंडल के पदाधिकारियों पर यह कार्रवाई देखने को मिली है। इसके साथ ही इन क्षेत्रों के मोर्चा पदाधिकारियों को भी पदमुक?त कर दिया गया है। यह आदेश जिलाध्?यक्ष द्वारा जारी किए गए है। भाजपा जिलाध्?यक्ष मनोज सोमानी ने प्रदेशाध्?यक्ष विष्?णुदत?त शर्मा की सहमति से धार नगर पालिका के 7 पार्षदों के निष्?कासन का आदेश जारी किया है। इसमें धार नगर पालिका अध्?यक्ष नेहा महेश बोड़ाने, उपाध्?यक्ष म?यंक म?हाले, पार्षद रवि मेहता, लक्ष?मण पटेल, पूजा जितेंद्र अग्रवाल, छगन परमार व अनिता विशाल सिसौदिया को निष्?कासित किया गया है। इसके अलावा नालछा मंडल अध्?यक्ष मनोज पटेल, जिला महामंत्री अजजा मोर्चा लालजी डावर बिलोदा, युवा मोर्चा जिला उपाध्?यक्ष कपिल चौधरी, मंडल महामंत्री नालछा केशव पंडित कठोड़िया व मनोज भास्?कर, मंडल मंत्री श?यामलाल गावर, मंडल उपाध्?यक्ष अजजा मोर्चा दिलीप मोहरे, भाजयुमो मंडल महामंत्री मगन भाभर को पदमुक?त किया गया है। वहीं पीथमपुर क्षेत्र से व?यापारी प्रकोष?ठ जिला सह संयोजक राजेश जैन, भाजपा मंडल महामंत्री मुकेश पटेल, भाजयुमो मंडल महामंत्री ललीत पटेल व रोहित मेवाड़ा के अलावा सागौर से मंडल उपाध्?यक्ष धीरेंद्र पटेल, विजय माली, सुंदरलाल चौधरी व खेल प्रकोष?ठ जिला सह संयोजक राजकुमार रघुवंशी को पदमुक?त किया है।

## कमीशनखोरी का खेल

इधर पार्षदों के निष्?कासन पर युवक कांग्रेस जिलाध्?यक्ष व धार नपा नेताप्रतिपक्ष करीम कुरैशी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि प्रदेश में 15 साल से पूरे प्रदेश में भाजपा का कमिशन का खेल चल रहा था जो नई सरकार आते ही फिर शुरू हो गया। धार की जनता अपने आपको ठगा महसूस कर रही है। भाजपा की आपसी लड़ाई ने धार के विकास को पिछले एक वर्ष से रोक रखा है जो कि इस बार फिर से भाजपा की कमिशनबाजी को लेकर इन पार्षदों को निष्?कासित किया गया है।

## धार नपा के समीकरण

भाजपा ने धार नगर पालिका के 7 पार्षदों को निष्?कासित किया है। ऐसे में धार नगर पालिका पर इसका क?या असर होगा यह भविष्?य में देखने को मिलेगा। फिलहाल अभी धार नगर पालिका पर इसका कोई खास असर देखने को नहीं मिलेगा। इसकी वजह यह है कि सभी पार्षद निर्वाचित है। हालांकि अविश्वास प्रस्?ताव के वक?त क?या स्थिति बनती है, वह भी देखने होगी। लेकिन कानून के जानकारों का मानना है कि फिलहाल ढ़ाई साल तक किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

## चुनावों में प्रत्याशी के विरोध में काम करने के आरोप

धार और धरमपुरी विधानसभा के पदाधिकारियों पर यह कार्रवाई हुई है। जबकि पूरे जिले से प्रत?याशी के विरोध में करने की शिकायतें सार्वजनिक हुई। खुद पूर्व जिलाध्?यक्ष ने दो दिन पहले सोशल मीडिया पर सवाल खड़े किए थे। इसके बाद यह कार्रवाईयां देखने को तो मिली। लेकिन अब भी कई विधानसभाओं को लेकर आदेश होना शेष है। बताया जा रहा है कि अभी कुछ ओर सूचियां सामने आ सकती है।

## इन मोर्चों की कार्यकारिणी भंग

इन पदाधिकारियों के अलावा भाजपा ने धार ग्रामीण मंडल, किसान मोर्चा, महिला मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, अजा मोर्चा, अजजा मोर्चा, अल?पसंख?यक मोर्चा के सभी मंडल अध्?यक्ष व कार्यकारिणी को भंग किया है। वहीं भाजपा दिग?ठान मंडल अध्?यक्ष को छोड़कर मंडल कार्यकारिणी व मोर्चा मंडल कार्यकारिणी को भंग कर दी गई है। लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा की यह बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल**

क्रमांक 2860/राजस्व/भो.वि.प्रा./2023 भोपाल दिनांक 7/12/2023

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की इन्द्रपुरी योजना में स्थित भूखण्ड क्रं.106 सेक्टर –सी, के आवंटी श्री सुरेश कुमर महेश्वरी आ. श्री किशन गोपाल झवर ने बहुमंजिला भवन मोहिनी कीर्ति अपार्टमेन्ट का निर्माण कर पृथक–पृथक व्यक्तियो को प्रकोष्ठ एवं दुकानो का प्राधिकरण के बिना अनुमति उप–पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती ऋचा बन्छोर को प्रकोष्ठ क्र. एफ 16 प्रथम तल, जिसका क्षेत्रफल 450 वर्गफिट का पंजीकृत विक्रय दिनांक 08/03/2006 को पंजीकृत कार्यालय में पंजीकृत कराया गया। श्रीमती ऋचा बन्छोर द्वारा प्राधिकरण में नामांतरण नही कराते हुए श्रीमती योगिता माइती पत्नि श्री हेमन्त माइती एवं श्री हेमन्त माइती आ. श्री मान गोविन्द भूवनचंद्र माइती को दिनांक 12/01/2009 को पंजीयन कार्यालय में पंजीकृत कराया गया है। श्रीमती योगिता माइती पत्नि श्री हेमन्त माइती एवं श्री हेमन्त माइती आ. श्री मान गोविन्द भूवनचंद्र माइती इनके द्वारा प्राधिकरण में नामांतरण नही कराते हुए श्री राजकुमार आसवानी आ. श्री ज्ञानचंद आसवानी को दिनांक 26/03/2011 विक्रय कर पंजीयन कार्यालय में पंजीकृत करा दिया गया। श्री राजकुमार आसवानी आ. श्री ज्ञानचंद आसवानी द्वारा प्राधिकरण में नामांतरण नही कराते हुए श्रीमती अभिलाषा सोनी पत्नि श्री आर.के. सोनी को विक्रय कर दिनांक 12/04/2013 को पंजीयन कार्यालय में पंजीकृत करा दिया गया। श्रीमती अभिलाषा सोनी पत्नि श्री आर. के. सोनी द्वारा आवेदन पत्र के साथ विक्रय पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड क्रं.–106 पर निर्मित प्रकोष्ठ क्र.–एफ–16 प्रथम तल, अपने नाम पर नामांतरण/नाम सम्मिलित कराना चाहते है। यदि उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा

**राजस्व अधिकारी**

# भाजपा विधायकों की सूची

| क्र. | वि.स.क्रं. | विधानसभा का नाम | भाजपा प्रत्याशी का नाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 3 | सबलगढ़ | श्रीमती सरला विजेन्द्र रावत | 7999093020 |
| 2. | 5 | सुमावली | श्री एदल सिंह कंसाना | 9425126871 |
| 3. | 7 | दिमनी | श्री नरेन्द्र सिंह तोमर | 9893600002 |
| 4. | 10 | भिण्ड | श्री नरेंद्र सिंह कुशवाह | 9826315286 |
| 5. | 11 | लहार | श्री अमरीश शर्मा गुड्डू | 7747009000 |
| 6. | 12 | मेहगांव | श्री राकेश शुक्ला | 9981932866 |
| 7. | 15 | ग्वालियर | श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर | 9301124042 |
| 8. | 17 | ग्वालियर दक्षिण | श्री नारायण सिंह कुशवाहा | 9425115528 |
| 9. | 18 | भीतरवार | श्री मोहन सिंह राठौर | 9425111677 |
| 10. | 20 | सेवढ़ा | श्री प्रदीप अग्रवाल | 9425118624 |
| 11. | 23 | करैरा (अ.जा.) | श्री रमेश खटीक | 9893823639 |
| 12. | 25 | शिवपुरी | श्री देवेन्द्र कुमार जैन | 9425136700 |
| 13. | 26 | पिछोर | श्री प्रीतम लोधी | 9644443040, 9425307268 |
| 14. | 27 | कोलारस | श्री महेन्द्र सिंह यादव | 9425429437 |
| 15. | 29 | गुना | श्री पन्नालाल शाक्य | 9406961903 |
| 16. | 30 | चाचौड़ा | श्रीमती प्रियंका मीणा | 9821877582, 9039426748 |
| 17. | 33 | चंदेरी | श्री जगन्नाथ सिंह रघुवंशी | 9425132075 |
| 18. | 34 | मुंगावली | श्री ब्रजेन्द्र सिंह यादव | 9755393995, 8319295659 |
| 19. | 36 | खुरई | श्री भूपेन्द्र सिंह | 9425171211 |
| 20. | 37 | सुरखी | श्री गोविंद सिंह राजपूत | 9425171171 |
| 21. | 38 | देवरी | श्री बृजबिहारी पटैरिया | 94251707777, 7746039999 |
| 22. | 39 | रेहली | श्री गोपाल भार्गव | 9425171242 |
| 23. | 40 | नरयावली **अजा** | इंजी. प्रदीप लारिया | 9826226835 |
| 24. | 41 | सागर | श्री शैलेन्द्र जैन | 9752500511 |
| 25. | 42 | बण्डा | श्री वीरेन्द्र सिंह लम्बरदार | 9827801378 |
| 26. | 44 | जतारा | श्री हरिशंकर खटीक | 9425027984 9977460784 |
| 27. | 46 | निवाड़ी | श्री अनिल जैन | 9893921867 |
| 28. | 48 | महाराजपुर | श्री कामाख्या प्रताप सिंह | 9893740011 |
| 29. | 49 | चंदला | श्री दिलीप अहिरवार | 9981032033 |
| 30. | 50 | राजनगर | श्री अरविन्द पटैरिया | 9893340381 |
| 31. | 51 | छतरपुर | श्रीमती ललिता यादव | 9425144084 |
| 32. | 52 | बिजावर | श्री राजेश शुक्ला | 9630579000 |
| 33. | 54 | पथरिया | श्री लखन पटेल | 9425095703, 9993971705 |
| 34. | 55 | दमोह | श्री जयंत मलैया | 9425095557 |
| 35. | 56 | जबेरा | श्री धमेन्द्र लोधी | 9893253507 7000299476 |
| 36. | 57 | हटा | श्रीमती उमादेवी खटीक | 9981477027 |
| 37. | 58 | पवई | श्री प्रहलाद लोधी | 9752838771 |
| 38. | 59 | गुन्नौर (अ.जा.) | श्री राजेश कुमार वर्मा | 9893908028 |
| 39. | 60 | पन्ना | श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह | 9425166658 |
| 40. | 61 | चित्रकूट | श्री सुरेन्द्र सिंह गहरवार | 9425810341 |
| 41. | 62 | रैगांव (अ.जा.) | श्री प्रतिभा बागरी | 9131039653 |
| 42. | 64 | नागौद | श्री नागेन्द्र सिंह | 9425013554 |
| 43. | 65 | मैहर | श्री श्रीकांत चतुर्वेदी | 9340738490 |
| 44. | 67 | रामपुर–बघेलान | श्री विक्रम सिंह | 9755289289 |
| 45. | 68 | सिरमौर | श्री दिव्यराज सिंह | 8120866999 |
| 46. | 70 | त्योंथर | श्री सिद्धार्थ तिवारी | 9717178676 |
| 47. | 71 | मऊगंज | श्री प्रदीप पटेल | 9425810245 |
| 48. | 72 | देवतालाब | श्री गिरीश गौतम | 9425185763 |
| 49. | 73 | मनगवां अजा | श्री नरेंद्र प्रजापति | 9425846895 |
| 50. | 74 | रीवा | श्री राजेन्द्र शुक्ल | 9425185650 |
| 51. | 75 | गुढ़ | श्री नागेन्द्र सिंह | 9425185577 9926375577 |
| 52. | 77 | सीधी | श्रीमती रीति पाठक | 7771962777 |
| 53. | 78 | सिहावल | श्री विश्वामित्र पाठक | 9792827370 |
| 54. | 79 | चितरंगी **अजजा** | श्रीमती राधासिंह | 9993323738 |
| 55. | 80 | सिंगरौली | श्री रामनिवास शाह | 7974703485 |
| 56. | 81 | देवसर **अजा** | डॉ. राजेन्द्र मेश्राम | 9977797600 |
| 57. | 82 | धोहनी **अजजा** | श्री कुंवर सिंह टेकाम | 9425331946 9893611103 |
| 58. | 83 | ब्योहारी **अजा** | श्री शरद कौल | 8109386588 9752968753 |
| 59. | 84 | जयसिंहनगर **अजजा** | श्रीमती मनीषा सिंह | 9131084228 |
| 60. | 85 | जैतपुर **अजजा** | श्री जयसिंह मरावी | 9425473284 |
| 61. | 86 | कोतमा | श्री दिलीप जायसवाल | 9425583327 |
| 62. | 87 | अनूपपुर **अजजा** | श्री बिसाहूलाल सिंह | 7987477944 |
| 63. | 89 | बांधवगढ **अजजा** | श्री शिवनारायण सिंह | 9424995208 |
| 64. | 90 | मानपुर **अजजा** | कुमारी मीना सिंह मांडवे | 9425011172 |
| 65. | 91 | बड़वारा (अ.ज.जा.) | श्री धीरेन्द्र सिंह | 9755489345 |
| 66. | 92 | विजयराघवगढ़ | श्री संजय सत्येन्द्र पाठक | 9826127080 |
| 67. | 93 | मुड़वारा | श्री संदीप जायसवाल | 9752001111 |
| 68. | 94 | बोहरीबंद | श्री प्रणव प्रभात पाण्डे | 9826605763 9425151363 |
| 69. | 95 | पाटन | श्री अजय विश्नोई | 9425150600 |
| 70. | 96 | बरगी | श्री नीरज ठाकुर | 9893007360 |
| 71. | 98 | जबलपुर उत्तर | श्री अभिलाष पाण्डे | 9112311111 |
| 72. | 99 | जबलपुर छावनी | श्री अशोक रोहाणी | 9425151500 |
| 73. | 100 | जबलपुर पश्चिम | श्री राकेश सिंह | 9425150851 |
| 74. | 101 | पनागर | श्री सुशील कुमारी तिवारी | 9424000000 |
| 75. | 102 | सीहोर अ**जजा** | श्री संतोष बरकड़े | 9343595511 8959546984 |
| 76. | 103 | शहपुरा (अ.ज.जा.) | श्री ओमप्रकाश धुर्वे | 9516718722, 9425012722 |
| 77. | 107 | मण्डला(**अ.ज**.जा.) | श्रीमती संपतिया उइके | 9425163919 |
| 78. | 109 | लांजी | श्री राजकुमार कर्राये | 9425448405 |
| 79. | 113 | कटंगी | श्री गौरव पारधी | 6260467660 |
| 80. | 114 | बजघाट **(अ.ज.जा)** | श्री कमल मस्कोले | 9424373540, 6263137147 |
| 81. | 115 | सिवनी | श्री दिनेश मुनमुन राय | 9425175907 |
| 82. | 118 | गोटेगांव (अ.जा.) | श्री महेन्द्र नागेश | 9425469098 |
| 83. | 119 | नरसिंहपुर | श्री प्रहलादसिंह पटेल | 9013869226 |
| 84. | 120 | तेंदूखेड़ा | श्री विश्वनाथ सिंह मुलायम सिंह कौरव | 9424965123 |
| 85. | 121 | गाडरवारा | श्री उदयप्रताप सिंह | 9425168755, 9424964400 |
| 86. | 129 | मुलताई | श्री चन्द्रशेखर देशमुख | 9424461333 |
| 87. | 130 | आमला **अजा** | डॉ. योगेश पंडाग्रे | 9425002630 |
| 88. | 131 | बैतूल | श्री हेमंत खण्डेलवाल | 9425002539, 9425002559 |
| 89. | 132 | घोड़ाडोंगरी (अ.ज.जा.) | श्रीमती गंगाबाई उईके | 9424968413 |
| 90. | 133 | भैंसदेही (अ.ज.जा.) | श्री महेन्द्र सिंह चौहान | 9425629425 |
| 91. | 136 | सिवनी मालवा | श्री प्रेम शंकर वर्मा | 986664246 |
| 92. | 137 | होशंगाबाद | डॉ.सीतासरन शर्मा | 9425042821 |
| 93. | 138 | सोहागपुर | श्री विजयपाल सिंह | 9425040990 |
| 94. | 139 | पिपरिया अजा | श्री ठाकुरदास नागवंशी | 9893204407 |
| 95. | 140 | उदयपुरा | श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल | 9425007909 |
| 96. | 141 | भोजपुर | श्री सुरेन्द्र पटवा | 9826082145 |
| 97. | 142 | सांची **अजा** | डॉ. प्रभुराम चौधरी | 9425493693 |
| 98. | 144 | विदिशा | श्री मुकेश टंडन | 9425138333 |
| 99. | 145 | बासौदा | श्री हरिसिंह रघुवंशी | 9425694555 |
| 100. | 146 | कुरवाई अजा | श्री हरिसिंह सप्रे | 9755565207 |
| 101. | 147 | सिरोंज | श्री उमाकांत शर्मा | 8959711525 |
| 102. | 148 | शमसाबाद | श्री सूर्यप्रकाश मीणा | 9425148518 |
| 103. | 149 | बैरसिया **अजा** | श्री विष्णु खत्री | 9425005041 |
| 104. | 151 | नरेला | श्री विश्वास सारंग | 9425030344 |
| 105. | 152 | भोपाल दक्षिण–पश्चिम | श्री भगवानदास सबनानी | 9425014600 |
| 106. | 154 | गोविंदपुरा | श्रीमती कृष्णा गौर | 9893121578 |
| 107. | 155 | हुजुर | श्री रामेश्वर शर्मा | 9425004111 |
| 108. | 156 | बुधनी | श्री शिवराज सिंह चौहान | |
| 109. | 157 | आष्टा **अजा** | श्री गोपाल सिंह इंजीनियर | 9425009402 |
| 110. | 158 | इछावर | श्री करण सिंह वर्मा | 7222901100 |
| 111. | 159 | सीहोर | श्री सुदेश राय | 9826052417 |
| 112. | 160 | नरसिंहगढ | श्री मोहन शर्मा | 9425187575 |
| 113. | 161 | ब्यावरा | श्री नारायण सिंह पवार | 9425037566 |
| 114. | 162 | राजगढ | श्री अमरसिंह यादव | 9926394195 |
| 115. | 163 | खिलचीपुर | श्री हजारीलाल दांगी | 9617417023 |
| 116. | 164 | सारंगपुर अजा | श्री गौतम टेटवाल | 9303150015 9425444519 |
| 117. | 166 | आगर (अ.जा.) | श्री मधु गेहलोत | 9479975532 |
| 118. | 167 | शाजापुर | श्री अरूण भीमावत | 8839611451 |
| 119. | 168 | शुजालपुर | श्री इंदर सिंह परमार | 9425332635 |
| 120. | 169 | कालापीपल | श्री घनश्याम चंद्रवंशी | 9893410506 |
| 121. | 170 | सोनकच्छ (अ.जा.) | श्री राजेश सोनकर | 9425074023, 7772977789 |
| 122. | 171 | देवास | श्रीमती गायत्रीराजे पंवार | 9826055552 |
| 123. | 172 | हाटपिपल्या | श्री मनोज चौधरी | 9329545451 |
| 124. | 173 | खातेगांव | श्री आशीष गोविन्द शर्मा | 9755697666 |
| 125. | 174 | बागली | श्री मुरली भंवरा | 7974692853 8120026006 |
| 126. | 175 | मांधाता | श्री नारायण पटेल | 9826944099 |
| 127. | 176 | हरसूद **अजजा** | डॉ. कुंवर विजय शाह | 9407094070 |
| 128. | 177 | खण्डवा अजा | श्रीमती कंचन मुकेश तनवे | 9039693001 |
| 129. | 178 | पांधाना अजजा | श्रीमती छाया मौरे | 9753878007 7723831539 |
| 130. | 179 | नेपानगर अजजा | सुश्री मंजू राजेन्द्र दादू | 7067156801 9425993156 |
| 131. | 180 | बुरहानपुर | श्रीमती अर्चना चिटनीस | 9826070504 |
| 132. | 182 | बड़वाह | श्री सचिन बिरला | 7508929999 9827535981 |
| 133. | 183 | महेश्वर (अ.जा.) | श्री राजकुमार मेव | 9425055616 |
| 134. | 185 | खरगोन | श्री बालकृष्ण पाटीदार | 9425087113 |
| 135. | 189 | पानसेमल (अ.ज.जा.) | श्री श्याम बर्डे | 9669748777 |
| 136. | 191 | अलीराजपुर (अ.ज.जा.) | श्री नागर सिंह चौहान | 9425104067 |
| 137. | 195 | पटेलावद (अ.ज.जा.) | कु. निर्मला भूरिया | 9617903456 |
| 138. | 200 | धरमपुरी (अ.ज.जा.) | श्री कालू सिंह ठाकुर | 9406603043 |
| 139. | 201 | धार | श्रीमती नीना वर्मा | 9425014265 9425045501 |
| 140. | 203 | देपालपुर | श्री मनोज यादव | 9425059559 |
| 141. | 204 | इंदौर–1 | श्री कैलाश विजयवर्गीय | 9425600001, 9893100001 |
| 142. | 205 | इंदौर–2 | श्री रमेश मेंदोला | 9425081182 |
| 143. | 206 | इंदौर–3 | श्री गोलू शुक्ला | 9826400001 |
| 144. | 207 | इंदौर– 4 | श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ | 9425059859 |
| 145. | 208 | इंदौर–5 | श्री महेंद्र हार्डिया | 9425053144 9893045144 |
| 146. | 209 | महू (डॉ. अंबेडकर नगर) | सुश्री उषा ठाकुर | 9826034116 |
| 147. | 210 | राऊ | श्री मधु वर्मा | 9425052020 |
| 148. | 211 | सांवेर **अजा** | श्री तुलसीराम सिलावट | 9826099964 |
| 149. | 212 | नागदा–खाचरौद | डॉ. तेजबहादुर सिंह | 9827213901 |
| 150. | 215 | घट्टिया (अ.जा.) | श्री सतीष मालवीय | 9425000405 |
| 151. | 216 | उज्जैन उत्तर | श्री अनिल जैन कालूहेड़ा | 9827228494 |
| 152. | 217 | उज्जैन दक्षिण | डॉ. मोहन यादव | 9425092255 |
| 153. | 218 | बड़नगर | श्री जितेंद्र पंड्या | 9893012067 |
| 154. | 219 | रतलाम गामीण (अजजा) | श्री मथुरालाल डाबर | 9752723414 |
| 155. | 220 | रतलाम शहर | श्री चेतन्य कुमार काश्यप | 9818840123 |
| 156. | 222 | जावरा | डॉ. राजेंद्र पाण्डेय | 9425103130 |
| 157. | 223 | आलोट अजा | डॉ. चिंतामणि मालवीय | 9013869241 9425091553 |
| 158. | 225 | मल्हारगढ़ **अजा** | श्री जगदीश देवड़ा | 8720056633 |
| 159. | 226 | सुवासरा | श्री हरदीप सिंह डंग | 9425993440 |
| 160. | 227 | गरोठ | श्री चंदर सिंह सिसोदिया | 9425442191 9770394209 |
| 161. | 228 | मनासा | श्री अनिरूद्ध माधव मारू | 9425106222 9425924022 8959872222 |
| 162. | 229 | नीमच | श्री दिलीप सिंह परिहार | 9425106280 |
| 163. | 230 | जावद | श्री ओमप्रकाश सखलेचा | 9425012604 |

## शहर में फिर से शुरू हुई महापौर हेल्पलाइन

**छिंदवाड़ा।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ जी एवं जिले के सांसद नकुल नाथ की प्रेरणा से नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा की शहर सरकार द्वारा आमजन की समस्या का त्वरित निराकरण करने के लिए महापौर विक्रम अहके द्वारा चलाई जा रही महापौर हेल्पलाइन को विधानसभा चुनाव के बाद नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहके द्वारा पुन: प्रारंभ किया गया। महापौर विक्रम अहके ने बताया कि शहर के निगम से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए नागरिक मोबाइल नंबर 7610203037 के माध्यम से संपर्क कर सकते है। हेल्पलाइन नंबर पर नागरिक प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से शाम 06 बजे तक कॉल कर सकते है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से शहरवासी अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रतिदिन महापौर से संपर्क कर सकते है।

## नरेन्द्र अग्रवाल वैश्य महासम्मेलन ग्रामीण इकाई छिंदवाड़ा तहसील अध्यक्ष मनोनीत



**छिंदवाड़ा।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा तहसील ग्रामीण क्षेत्र में वैश्य महासम्मेलन के विस्तार हेतु प्रदेश महामंत्री विजय झांझरी की अध्यक्षता में जिला कोर कमेटी की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार जिला अध्यक्ष रमेश जाखोटिया ने नरेन्द्र अग्रवाल (बबलू) को छिंदवाड़ा तहसील ग्रामीण इकाई के अध्यक्ष मनोनीत किया है। मनोनयन उपरांत आशा व्यक्त की गई है कि नरेन्द्र अग्रवाल (बबलू) छिंदवाड़ा तहसील ग्रामीण इकाई के दायित्व का निर्वहन करते हुए ग्रामीण क्षेत्र में वैश्यजनो को संगठित कर वैश्य महासम्मेलन को शसक्त करेंगे। जिला इकाई छिंदवाड़ा की ओर से हार्दिक बधाई और अनन्त शुभकामनाये प्रेषित की गई है।

## ब्यूटी एंड वैलनेस की छात्राओं को कराया औद्योगिक भ्रमण दी गई जानकारी




अमरवाड़ा। शासकीय उ. माध्यमिक विद्यालय सुरलखापा की ट्रेड ब्यूटी एंड वेलनेस व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण में अमरवाड़ा महक ब्यूटी पार्लर और अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन पर कराया गया जहां स्किल कंप्यूटर फायर सेफ्टी के बारे में जानकारी दी इसी के अंतर्गत ब्यूटी एंड वेलनेस के विभिन्न सेवाओं के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई इस मौके पर प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरला खापा के अमित जैन के मार्गदर्शन पर वोकेशनल ट्रेनर ब्यूटी एंड वेलनेस श्रीमति अंजली जैन का सहयोग रहा साथी संस्था के सभी प्रशिक्षकों के द्वारा छात्राओं को प्रशिक्षण देकर उनके छोटे-छोटे प्रश्नों का उत्तर दिया।

## वृद्धजन एवं दिव्यांगजन हेतु नि:शुल्क कृत्रिम उपकरण पंजीयन शिविर आज

अमरवाड़ा। एलिम्को आसरा के माध्यम से स्वावलंबन केंद्र में 60 वर्ष से अधिक वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के लिए निशुल्क कृत्रिम उपकरण सहायक अंग हेतु पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया है दिव्यांगजन संस्था संचालक मुकेश कुमार मालवीय ने जानकारी में बताएं कि 60 वर्ष से अधिक वृद्धजन एवं दिव्यांगजन कृत्रिम उपकरण एवं सहायक अंग प्राप्त करने के लिए भाग ले सकते हैं।वृद्धजनों के लिए व्हीलचेयर, कमोड वाली व्हीलचेयर, बैसाखी, छड़ी, कमर गर्दन एवं पीठ बेल्ट आदि,दिव्यांगजनों के लिए बैटरी चलित ट्राईसाईकिल, ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन और दृष्टिबाधित छड़ी आदि। नि:शुल्क पंजीयन के पश्चात परीक्षण होने के बाद वितरण शिविर का आयोजन जल्द किया जावेगा। इस नि:शुल्क पंजीयन में संपूर्ण छिंदवाड़ा जिले के वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों के साथ-साथ समीप अन्य जिलों के वृद्धजन एवं दिव्यांगजन भी भाग ले सकते हैं।निशुल्क पंजीयन में भाग लेने के लिए वृद्धजनों के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र एवं दो फोटो इसी प्रकार दिव्यांगजनों का पंजीयन करने के लिए आवश्यक दस्तावेज दिव्यांग प्रमाण पत्र ह्वस्त्रद्बस्र कार्ड, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र एवं दो फोटो अनिवार्य हैं।

## भू-खण्ड आवंटन के लिये प्राप्त प्रस्थापनायें 14 दिसंबर को खोली जायेंगी

छिन्दवाड़ा। सचिव कृषि उपज मंडी समिति छिंदवाड़ा ने बताया कि म.प्र. कृषि उपज मंडी ( भूमि एवं संरचना का आवंटन ) नियम 2009 के अंतर्गत थोक फल एवं सब्जी मण्डी प्रांगण गुरैया रोड छिन्दवाडा में भू-खण्ड आवंटन के लिये 12 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक मोहरबंद प्रस्थापनायें ऑफर आमंत्रित किये गये थे और विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत 9 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण प्रस्थापना फार्म खोलने की कार्यवाही आदर्श आचार संहिता समाप्ति तक के लिये स्थगित कर दी गई थी। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत आदर्श आचार संहिता समाप्त होने पर अब 14 दिसंबर को दोपहर 12 बजे कृषि उपज मंडी समिति छिंदवाड़ा के कार्यालय में प्राप्त प्रस्थापनायें खोली जायेंगी।


## 4 वाहनों से वसूला 19000 रूपये जुर्माना शमन शुल्क एवं 5 वाहनों को किया गया जप्त

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर मनोज पुष्प द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज कुमार तेहनगुरिया द्वारा अपने जाँच दल के साथ छिंदवाड़ा जिले के विभिन्न मार्गों पर नियमित रूप से जाँच अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में आज परिवहन विभाग के जाँच दल द्वारा जिले के परासिया-जुन्नारदेव मार्ग पर पहुंचकर सभी वाहनों की बारीकी से जाँच की गई जिसमें बस संचालक द्वारा यात्रियों से बलपूर्वक अधिक किराया लेने और क्षमता से अधिक सवारी बसों मे बैठाया जाना, वाहनों में किराया सूची नहीं लगी पाये जाने की मिल रही लिखित शिकायतों व सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को देखते हुए अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी तेहनगुरिया और राजस्व अनुविभागीय अधिकारी परासिया पुष्पेन्द्र निगम के मार्गदर्शन में परिवहन जांच दल द्वारा सवारी बसों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों की फिटनेस संबंधी बारीकी से जाँच की गई

### फरवरी में रेल बजट

# जिले के विकास में तेजी लाना है, तो रेल लाईन का दोहरीकरण होना चाहिये

### नागपुर-छिंदवाड़ा-अयोध्या एवं छिंदवाड़ा-इंदौर बन्देभारत ट्रेन शीघ्र चलाई जानी चाहिये




छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा-नागपुर-नैनपुर बड़ी रेल लाईन बनने के बाद कुछ ट्रेने रेल्वे ने प्रारम्भ की है, किन्तु यहां से कई ट्रेनों को और प्रारम्भ करने की आवश्यकता है, जिससे छिंदवाड़ा का देश से सम्पर्क हो जावेगा एवं पर्यटन स्थल से जोड़ने की आवश्यकता है।

फरवरी में रेल बजट होगा जिसमें नागपुर-छिंदवाड़ा-नागपुर, छिंदवाड़ा-परासिया सिंगल रेल लाईन की डबल करने की आवश्यकता है, अतः बजट में प्रावधान होना चाहिये। इसके अलावा छिंदवाड़ा रेल्वे स्टेशन पीट लाईन (वाशिंग स्टेशन) बनाने की आवश्यकता है, जिससे नागपुर नैनपुर-आमला तक आने वाली ट्रेनों की धुलाई एवं सफाई हो सके, वाशिंग स्टेशन बनने से कई नई ट्रेने यहां से प्रारम्भ हो सकती है।

### पातालकोट-देहरादून तक चले

छिंदवाड़ा को पर्यटन स्थल जोड़ने के लिए पातालकोट एक्सप्रेस जो दिल्ली से फिरोजपुर चलती है, उसके स्थान पर हरिद्वार-देहरादून तक चलाने की आवश्यकता है, जिससे चारधाम की यात्रा एवं देहरादून से पर्यटन पर जाने का अवसर मिलेगा इसके अलावा मुम्बई, कलकत्ता एवं चेन्नई हेतु नई ट्रेन चलाने की आवश्यकता है। छिंदवाड़ा इन्दौर बन्देभारत ट्रेन चलाने की आवश्यकता है जो सुबह जाकर रात्रि में वापस आ सके। यह उज्जैन होते हुये चले। जबलपुर लखनऊ को छिंदवाड़ा से प्रारम्भ की जावे, नागपुर-छिंदवाड़ा आयोध्या तक सीधी ट्रेन चलाने की आवश्यकता है। रेल्वे स्टेशन पर लिफ्ट एवं एक्सलेटर लगाने की आवश्यकता है।

### सौंसर-पांढुर्ना, छिंदवाड़ा-अमरवाड़ा-सागर नई रेल लाईन बने

सौंसर-पांढुर्ना नई रेल लाईन बनाने की जरूरत है इसके अलावा छिंदवाड़ा-अमरवाड़ा-सागर रेल लाईन की मांग बहुत पुरानी है, बजट में इसका प्रावधान करने की भी जरूरत है। सांसद नकुलनाथ इन सभी मांगो को लेकर रेल मंत्री से मिलना एवं संसद में अपनी बात रखनी चाहिये।

## आश्रय स्थलों में रहेगी अलाव की व्यवस्था

### ठंड को देखते हुए आयुक्त ने दिए निर्देश




छिंदवाड़ा। नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने गुरुवार को निगम सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक ली। बैठक में निगमायुक्त ने सभी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के ऐसे हितग्राही जिन्होंने राशि प्राप्त कर भवन निर्माण कार्य प्रारंभ नही किया है उन्हे नोटिस जारी करने के निर्देश दिए एवं नोटिस के उपरांत भी कार्य प्रारंभ नही करने पर राशि रिकवरी के प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने शेष बचे संजीवनी क्लिनिक का शीघ्र निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने एनयूएलएम योजना अंतर्गत स्वनिधि से समृद्धि एवं मैं भी डिजिटल अभियान में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

आयुक्त राहुल सिंह ने शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते आश्रय स्थलों में पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। जिसमे उन्होंने आश्रय स्थलों में अलाव, गद्दे और रजाई की व्यवस्था के निर्देश दिए। इसके बाद आयुक्त ने कायाकल्प अभियान, क्लीन टायलेट कैंपेन एवं एएचपी प्रोजेक्ट पर चर्चा की। राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने राजस्व निरीक्षकों को वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षकों के माध्यम से तीन दिवस में जलकर एवं संपत्ति कर के बिल वितरण कराने के निर्देश दिए इसके साथ ही वार्ड अंतर्गत शत प्रतिशत दुकानों के ट्रेड लाइसेंस बनवाने के निर्देश भी आयुक्त द्वारा दिए गए। आयुक्त ने संपत्ति कर एवं जलकर की डोर टू डोर वसूली के निर्देश दिए।नगर निगम आयुक्त ने निकाय ने अंतर्गत अवैध कॉलोनियों पर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ ही शहर के अन्तर्गत स्वीकृत सभी सात बसों के परिचालन के निर्देश दिए।

## गोगामेड़ी की हत्या पर प्रशासन को सैंपा ज्ञापन



छिंदवाड़ा। जयपुर में राष्टीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या पर छिंदवाड़ा के राजपूत समाज व विभिन्न राजपूत संगठनों ने आज 7 दिसम्बर गुरुवार को महाराणा प्रताप चौक पर एकत्र होकर उनकी हत्या का विरोध प्रदर्शन किया एवं रेली निकाल जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर उनके हत्यारो को शीध पकडने एव कठोर दण्ड दिए जाने की मांग की। उक्त प्रदर्शन में क्षत्राणी करणी सेना जिला छिंदवाड़ा की कविता सिसोदिया, दिप्ती ठाकुर अंजू विजय सिंह बैस, काजल ठाकुर, पूजा ठाकुर, प्रीति बिसेन, गीता सोलंकी, रश्मि ब?स, ज्योति सिसोदिया, माया ठाकुर, आशा ठाकुर, गंगा चंदेल, लक्ष्मी ब?स, जया ब?स, ममता च?हान, रोहणी ठाकुर, ममता भारद्वाज, शशि ब?स, विभा सेंगर, अनुराधा सेंगर आदि अनेको क्षत्राणियो ने शामिल होकर विरोध प्रकट किया।

## क्या शिवराज सिंह चौहान छिंदवाड़ा से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं ?

### सुन्दरलाल पटवा छिंदवाड़ा से जीते थे चुनाव



छिंदवाड़ा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में 29 लोकसभा की सीटें जिताना है, प्रदेश में लोकसभा की 28 सीटें भाजपा के पास है। एक सीट छिंदवाड़ा कांग्रेस के पास है, जो कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ के पास है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वे 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 29 सीटें हैं जीतेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 29 कमल के फूलों से उनका स्वागत करेंगे। छिंदवाड़ा -पांढुर्ना जिले से कांग्रेस को सातों सीटें मिली वह इसलिए कि कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनाना है। यहां पर गुटबाजी एवं कुप्रबंधन के कारण भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली, जिले में मोदी, सनातन एवं लाडली बहना का कोई असर नहीं हुआ नाराज पूर्व विधायक सक्रिय होते एवं जिले में गुटबाजी नहीं होती तो छिंदवाड़ा छोड़ सभी सीटें भाजपा जीत सकती थी। भाजपा का खेल गोंडवाना पार्टी ने भी बिगाड़ा है, परिणाम देखा जाये तो भाजपा गोंडवाना के कारण हारी है। यह एक कारण हो सकता है। भाजपा , गोंडवाना को अपने पक्ष में कर लेते तो कुछ सीटें भाजपा को मिल सकती थी। किन्तु भाजपा गोंडवाना को अपने पक्ष में असफल हुई। अमरवाड़ा में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कहा था कि गोंडवाना के देवीराम से चर्चा करो किन्तु नेताओं ने ध्यान नहीं दिया और भाजपा हार गई। जबकि देवीराम आराम से बैठ जाता।

### तो क्या कमलनाथ पूरे प्रदेश में घूमते तो उन्हें सफलता मिलती ?



भाजपा का यह कहना है कि कमलनाथ को छिंदवाड़ा में बांधे रखा इसीलिए भाजपा को प्रदेश में बम्फर सफलता मिली। भाजपा के एक नेता ने कहा कि यदि कमलनाथ पूरे प्रदेश में घूमते तो उन्हें सफलता मिलती। भाजपा को जो सफलता मिली है उसमें नरेन्द्र मोदी, राममंदिर, सनातन, 370, किसान सम्मान निधि ,विकास एवं शिवराज की लाडली बहना एवं उनकी योजना का क्या कोई असर नहीं हुआ।

परासिया में ज्योति डेहरिया को उसी की जाति के दो डेहरिया महिलाओं ने हरवा दिया कांग्रेस ने दोनो महिलाओं को रूपए दिए वे बैठ जाती तो परासिया सीट आसानी से जीत जाती।

शिवराज सिंह चौहान ने आमसभा में जिस तरह से दहाड़ लगाई उससे लगता है कि वे कहीं छिंदवाड़ा से लोकसभा चुनाव न लड़ लें। शिवराज सिंह चुनाव लड़ेंगे तो जिले में गुटबाजी खत्म हो जावेगी। जिले से कोई प्रत्याशी रहा तो गुटबाजी हावी ही रहेगी। गुटबाजी खत्म करना है तो संगठन में बड़ा फेरबदल करना होगा। 2024 में मोदी को प्रधानमंत्री बनने से कोई रोक नहीं सकता इसीलिए अब जनता का मन बदल रहा है। कि जब मोदी को ही प्रधानमंत्री बनाना है तो कांग्रेस को जिताने से क्या फायदा क्योकि कांग्रेस के रहते जिले का विकास संभव नहीं है। 1993 में सुंदरलाल पटवा लड़े थे तो भाजपा एक हो गई थी। और उन्होने विजय प्राप्त की थी। शिवराज सिंह चुनाव लड़ेंगे तो परिणाम बदल भी सकते हैं।

## अभी तक 1264.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

छिन्दवाड़ा। जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 1264.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 1628 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 7 दिसंबर को प्रात~ 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 8.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 7 दिसंबर को प्रात~ 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 10.6, मोहखेड़ में 7.3, तामिया में 6, अमरवाड़ा में 13.2, चौरई में 21.2, हर्रई में 11.2, पांढुर्णा में 3, बिछुआ में 4.6, परासिया में 4.1, जुन्नारदेव में 2.4, चांद में 17 और उमरेठ में 8.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 1106.3, मोहखेड़ में 1126.9, तामिया में 1918, मि.मी. वर्षा दर्ज की गई।

## नियमानुसार नहीं चल रहे वाहन

### क्षमता से अधिक वाहनों में बैठे थे बच्चे



**परासिया।** परिवहन विभाग द्वारा गुरुवार को RTO अधिकारी मनोज कुमार तेहनगुरिया के निर्देशानुसार परासिया, जामई मार्ग पर जाँच दल द्वारा पहुंचकर सभी स्कूल वाहनों की बारीकी से जाँच की गई जिसमे स्कूल वाहनों की मिल रही लिखित शिकायतो एवं CM हेल्पलाइन की शिकायतों को देखते हुए RTO अधिकारी मनोज कुमार तेहनगुरिया एवं परासिया SDM अग्रवाल के मार्गदर्शन मे परिवहन जांच दल सवारी बसों, ऑटो रिक्शा, माल वाहक सहित अन्य सभी छोटे बड़े वाहनों की फिटनेस सम्बंधित बारीकी से जाँच की गई जो की आने वाले समय में निरंतर जारी रहेगी और जिस वाहन मे कुछ विशेष खामिया पाई जाती है तो उन वाहनों की यथा स्थान सवारी खाली करवाकर उस सवारी वाहन का तत्काल फिटनेस निरस्त किया जावेगा! जिन वाहन संचालक द्वारा मध्यप्रदेश मोटर यान अधिनियम का उल्लंघन पाया गया उन वाहनों पर तत्काल चलानी करते हुए लगभग 04 वाहनों से 19000 /- जुर्माना लिया गया और 05 स्कूल में संचालित वाहन नियम अनुसार संचालित नहीं पाय जाने पर सभी 5 वाहनों को जब्त कर परासिया थाने में सुरक्षार्त खड़ा करवाया गया साथ ही अन्य वाहन संचालको को समझाइस दी गई की अगर जिस वाहन संचालक की भविष्य मे इस तरह की शिकायत प्राप्त होती है तो परिवहन अधिकारी द्वारा उन वाहनों का परमिट निरस्त करते हुए उन वाहनों की जब्ती की कार्यवाही भी की जावेगी!

## बिना सुरक्षा संसाधनों से लिया जा रहा कामगारों से काम

### 8 साल हो गए कच्चीढाना खदान पीड़ितों को नहीं दिया न्याय

### खनन से कम हो रहा वाटर लेवल



**छिदवाडा/सौसर।** लगभग 8 वर्ष से कच्चीढाना ग्राम से बेघर किसानों ग्रामीणों के द्वारा अपने जमीन का मालिक का हक रजिस्ट्री एवं पट्टे की मांग को लेकर सत्ता जिला और स्थानीय प्रशासन में बैठे हुए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं। बावजूद इसके सौसर छिंदवाड़ा में बैठे हुए प्रशासनिक अधिकारी किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं। चुनाव के समय जनता का हमदर्द बनने वाले नेता जनप्रतिनिधि विगत 8 सालों से सिर्फ कोरे आश्वासन दे रहे हैं। पिछले ओर अभी संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भी नेताओं ने कच्चीढाना कॉलोनी में पहुचकर ग्रामीणों को कच्चिढाना खदान प्रबंधन से न्याय दिलाने के आश्वासन दिए गए है। परंतु चुनाव खत्म होने के बाद में अब स्थिति जस की तस बनी हुई है।फिर से असुविधा एवं अव्यवस्थाओं के बीच में जीवन बसर करने के लिए ग्रामीण किसान मजबूर है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में खदान के अंतर काम करने वाले कामगारो को कलेक्टर रेट से कम वेतन पर और बिना सुरक्षा के संसाधन दिये जान जोखिम भरा काम लिया जा रहा है। खनन ओर ब्लास्टिंग के कारण खदान से लगे हुए गांव के घरों में दरारे आ रही है। ग्रामीण सड़के धस रही है। खनन ब्लास्टिंग के कारण बड़े पैमाने पर पर्यावरण को नुकसान हो रहा है।नियम के अनुसार जितने पेड़ पौधे लगाने चाहिए थे प्रबंधन के द्वारा नही लगाए गए है।ग्रामीणों ने बताया की सालों से हो रहे खनन के कारण आसपास के गांव का वाटर लेवल बहुत कम हो गया है। गर्मी के दिनों में कुआं और हेडपंप का पानी सूख जाता है। ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ता है। ग्रामीणो के द्वारा पहले और बीते महीने मैगनीज विभाग, कमिश्नर एवं मुख्यमंत्री को भी शिकायत की गई है।

### प्रशासन दिलाये पीड़ित ग्रामीणों को जमीन का मालिकाना हक

चर्चा के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी अध्यक्ष एड संदीप भकने ने बताया किकच्चीढाना खदान के द्वारा ग्राम कच्चीढांना को उजाड़कर ग्रामीणों के लिए विस्थापन के नाम पर टोले का निर्माण किया गया है।परंतु कंपनी के द्वारा ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं जैसे जमीन का मालिकका हक, रजिस्ट्री पट्टे, मंदिर, मस्जिद, कब्रिस्तान, आंगनबाड़ी भवन, शौचालय, सड़क,स्कूल पानी टंकी आदि आज तक उपलब्ध नहीं कराई है। जबकि इन सुविधाओ का एग्रीमेंट हुआ है। जिन स्थानों पर पीड़ित परिवार ग्रामीण निवास कर रहे हैं। कंपनी के द्वारा उस भूखंड का मालिकाना हक पट्टा रजिस्ट्री ऐसा कुछ भी करके ग्रामीणों को नहीं दिया गया है। कंपनी के द्वारा विस्थापन के लिए प्राइवेट रुप से खेत लिया था। परंतु उसका शायद अभी तक अधिग्रहण नहीं किया है। जो कि सरासर नियम विरुद्ध है। विस्थापन का मुआवजा भी नहीं दिया गया है। प्रशासन के अधिकारियों ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए ग्रामीणों को उनके जमीन घरों एवं मूलभूत सुविधाओं का हक दिलाना चाहिए।

## शारदा खदान में मजदूरों को पिलाया जा रहा है दूषित पानी



**जुन्नारदेव।** शारदा खदान में कार्यरत मजदूरों को दूषित पानी पिलाया जा रहा है लगभग यही स्थिति हिंगलाज मंदिर में भी है, जिसके चलते आये भक्तजन दूषित पानी पीने विवश हैं, तो वे घर से शुद्ध जल ला लेते हैं, और ग्रहण करते रहते हैं, इस उपजी समस्या के लिए अधिकारी वर्ग पूर्ण रूप से जिम्मेवार हैं, उन्हें खदान से ले हिंगलाज मंदिर दोनों स्थान पर आरो का पानी पिलाना चाहिए एवं इस जल का टेंडर करना चाहिए ताकि मजदूर हो या भक्त शुद्ध जल का उपयोग कर सके। सनद रहे की कन्हान क्षेत्र के ऊप क्षेत्र अंम्बाडा़ के अंतर्गत भूमिगत कोयला खदान शारदा इंक .से ले क्षेत्र का सुप्रसिद्ध हिंगलाज मंदिर दोनों आते हैं, जहां पानी दूषित जल का प्रयोग कराया जा रहा है, एवं इसी का टेंडर कराया जाता है ,जो लाखों रुपयो में जाता है।

### आरो के पानी का टेंडर होना चाहिए

कंपनी जहां मजदूरों से ले भक्तों को पानी पिलाने के लिए जब लाखों रुपए जब खर्च कर रही है, तो इसे आरो के पानी का टेंडर क्यों नहीं निकालते, यदि ऐसा हो जाए तो मजदूर से ले भक्त जो पानी पी रहे हैं, वह शुद्ध जल रहेगा, और उनके स्वास्थ्य पर भी कोई बुरा प्रभाव नहीं डालेगा।

### आरो प्लांट बने शोभा की सुपारी

कंपनी ने मजदूरों से ले भक्त जनों को मात्र शुद्ध जल मिल सके, कंपनी लगभग एक करोड रुपए खर्च कर चुकी है, और हिंगलाज मंदिर से ले ए टाइप रोड में अलग-अलग दो फिल्टर प्लांट का निर्माण कराया, ताकि मजदूरों से ले भक्तों को आरो का शुद्ध जल मिल सके, किंतु अधिकारी रूपयों को बर्बाद करने तक ध्यान देते और जैसे ही हुआ ध्यान हटा देते हैं, जिसके चलते दोनों स्थान पर लगे आरो प्लांट मात्रा शोभा की सुपारी बनकर रह गए हैं।

### मुख्यालय नागपुर होगी शिकायत

हो रही इस अनियमितता एवं इसमें सुधार हो लोग वे .को .ली. मुख्यालय नागपुर में लिखित शिकायत करेंगे, ताकि समस्या का समाधान हो सके।

## तुलसी पूजन एवं गीता जयंती महोत्सव मनाया

**छिंदवाड़ा।** परम् पूज्य संत श्री आशारामजी बापू की प्रेरणा से श्री योग वेदांत सेवा समिति वर्षभर जनहित के सेवा कार्यों में लगी रहती हैं। इसी कड़ी में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस मनाया जाएगा । इसके 1 माह पूर्व साधक गण जिले भर के गांव गांव में घूम-घूम कर आम लोगों को तुलसी पौधा के महत्व से अवगत कराते हैं । तुलसी पौधा का आध्यात्मिक , धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व है । तुलसी पौधा 24 घण्टे आक्सीजन प्रदान करता है । वास्तु दोष का निवारण करता है शरीर को हमेशा स्वस्थ और निरोगी रखने के लिए तुलसी दल एक औषधि है । तुलसी पौधा पर्यावरण का संतुलन बनाने में भी कारगार है । ऐसे अनगिनत फायदे आम लोगों को बताकर तुलसी पौधा भेंट स्वरूप दिया जाता है । इस वर्ष 23 दिसंबर को श्री मद भगवद्गीता जयंती है । बच्चों में , विद्यार्थियों में श्री मद भगवद गीता के ज्ञान के दिव्य संस्कारों का सिंचन हो इस निमित्त प्रतिवर्ष जिले भर के स्कूलों में गीता ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है । जिले के उच्च अधिकारी , सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि और प्रबुद्ध जनों को तुलसी पौधा और श्री मद भगवद गीता का साहित्य भेंट किया जा रहा है । समिति के पदाधिकारियों ने आज एस. ए. एफ. बटालियन में पदस्थ छ्रस्क्क श्वेता शुक्ला ( सहायक कमांडेड )को तुलसी पौधा और गीता साहित्य भेंट कर अभियान की शुरुआत की । यह कार्यक्रम माह के अंत तक जारी रहेगा । इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन , साध्वी प्रतिमा बहन , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई ,



गुरुकुल की संचालक दर्शना खट्टर , युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े ,धनाराम सनोडिया , पी. आर. शेरके , एम. आर. पराड़कर , सुजीत सूर्यवंशी , सुभाष इंग्ले , महिला समिति से सुमन दोईफोड़े , विमल शेरके , छाया सूर्यवंशी , डॉ. मीरा पराड़कर , शकुंतला कराडे , आदि अपनी अपनी सेवाएं दे रहें हैं ।



नौकायन प्रशिक्षण

राजधानी भोपाल में एमपीकेसीए बोट क्लब लोअर लेक पर केन्द्रीय क्षेत्रीय केन्द्र भोपाल द्वारा रैली खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2023 का उद्घाटन किया जिसमें नाव खेलो इंडिया पैरा खेलों को बढ़ावा देने के लिए जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि संचालक, खेल एवं युवा कल्याण रवि गुप्ता (आईपीएस) द्वारा किया गया । इस रैली में 30-35 नावें शामिल हुई जिसमें रैली में 70 खिलाड़ीयों ने भाग लिया । इस दौरान 1 ओलंपियन और 5 एशियाई खेलों के पदक विजेता म.प्र. के 28 पैरा एथलीटों ने प्रोत्साहित किया।

# भोपाल में इज्तिमा का पहला दिन

## मौलाना जमशेद बोले, जो ज्यादती करे उसे माफ करें, ये कड़वा घूंट, मगर ईमान वालों की पहचान






**भोपाल।** भोपाल में चार दिनी आलमी तब्लीगी इज्तिमा शुरू हो गया है। इसमें दुनियाभर से जमातें आई हैं। पहले दिन शुक्रवार को जमातों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मौलाना जमशेद ने कहा, जो तुम पर ज्यादती करे उसे माफ कर दें, यह कड़वा घूंट जरूर है, मगर यह ईमान वाले लोगों की पहचान भी है। इसलिए माफ करने वाला इंसान बनें।

उन्होंने अपनी तकरीर में दीन और हक के रास्ते पर चलने की बात कही। छोटे बच्चों की तालीम पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मस्जिद का माहौल आदमी के ईमान को पुख्ता करता है। हमें धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए। इससे अल्लाह हमें गुनाहों से दूर रखता है। जितना आदमी ईमान के करीब आयेगा, अल्लाह बुरे कामों से दूर रखेगा। आज फजिर की नमाज के बाद तकरीर और बयान का दौर जारी है। इन चार दिन में दिल्ली मरकज समेत देश के अलग-अलग हिस्सों से आए उलेमाओं की तकरीरें होंगी।

### 80 फूड जोन, 60 रुपए में भर पेट खाना

यहां करीब 80 फूड जोन बनाए गए हैं। इनमें रियायती दरों पर चाय, नाश्ता, खाना और पीने का पानी उपलब्ध रहेगा। 60 रुपए में भरपेट खाना, 20 रुपए में नाश्ता और 5 रुपए में चाय उपलब्ध होगी। पानी की बॉटल 7 रुपए में मिलेगी।

### 20 हजार वॉलंटियर्स मौजूद

समागम में 20 हजार से अधिक वॉलंटियर्स शामिल हैं। यह वॉलंटियर्स पंडाल में जमातियों की खिदमत के अलावा, खाना-पान, साफ-सफाई, पार्किंग व अन्य व्यवस्थाएं संभाले हुए हैं। बता दें, इस इज्तिमा में लाखों लोग शामिल होंगे। 65 पार्किंग बनाई गई हैं। हर पार्किंग में 2 से 5 हजार वाहनों की क्षमता है।

### जमातों के आने का सिलसिला देर रात तक चला

गुरुवार से ही जमातों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका था, जो देर रात तक जारी रहा। इस दौरान आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, बरार, नागपुर, गुजरात, मुंबई, महाराष्ट्र, यूपी, बिहार, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, नेपाल, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम, मेवात, राजस्थान, दिल्ली आदि जगह से लोग यहां पहुंचे हैं। इसके अलावा, प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाली जमातों के लिए ए, बी, सी, ई, एच, आई आदि ब्लॉक बनाए गए हैं। इनमें उज्जैन, राजगढ़, शाजापुर, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, देवास, महू, आगर मालवा, रतलाम, झाबुआ, धार, मंदसौर, नीमच, इंदौर, सीहोर, सिरोंज, विदिशा, शिवपुरी, श्योपुर कलां, रायसेन, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, होशंगाबाद, हरदा, गुना, अशोकनगर, सागर, दमोह, छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, सिवनी, शहडोल, बैतूल, छिंदवाड़ा, जबलपुर, बालाघाट, कटनी, नरसिंहपुर आदि जिलों के लिए इंतजाम किए गए हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज मप्र में आगमन

भोपाल। केंद्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से देश में हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिए मध्य प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगमन शुक्रवार को होगा। यह यात्रा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में से गुजरेगी और केंद्रीय योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करवाएगी। मध्य प्रदेश में कृषि और ग्रामीण विकास विभाग की यात्रा में अहम भूमिका रहेगी।

मुख्य सचिव वीरा राणा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में गुरुवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कलेक्टरों से चर्चा कर यात्रा की तैयारियों की जानकारी ली। विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधियां उन सभी जिलों और अन्य जिलों से भी गुजरेगी, जहां जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया।

**ग्राम पंचायतों स्तर पर भी चलेगा जागरूकता अभियान:** ग्राम पंचायतों स्तर पर भी जन-जागरूकता की गतिविधियां संचालित की जाएंगी जिसमें जागरूकता, सामुदायिक, सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल हैं। इसके अलावा सूचना-शिक्षा-संचार वैन, आइटी प्लेटफार्म, और मोबाइल एप्लीकेशन भी उपयोग में लाए जाएंगे। राज्य सरकार, जिला, ग्राम पंचायत और स्थानीय शासन की समिति और केंद्र सरकार के संगठन और संस्थाओं से प्लानिंग, समन्वय और निगरानी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ मिलकर लगातार प्रयास कर रही है कि केंद्रीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिले। ग्राम स्वराज अभियान, विस्तारित ग्राम स्वराज अभियान, प्रमुख योजनाओं का शत प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

# पंचायत और नगरीय निकायों के उपचुनाव, पांच जनवरी को मतदान

**भोपाल।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब पंचायत और नगरीय निकायों के उपचुनाव होंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को इसका कार्यक्रम जारी कर दिया। मतदान पांच जनवरी को होगा। इसमें नौ हजार 220 पंच, 56 सरपंच, 15 जनपद और एक जिला पंचायत सदस्य के लिए उप निर्वाचन होगा। इसी तरह विभिन्न नगरीय निकायों में 21 पार्षद पद के लिए भी चुनाव होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह ने बताया कि 15 दिसंबर को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही नामांकन पत्र जमा होने प्रारंभ हो जाएंगे। 22 दिसंबर तक नामांकन लिए जाएंगे। इनकी जांच 23 दिसबंर को होगी और अभ्यर्थी 26 दिसबंर तक नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। पंचायतों में मतदान पांच जनवरी को सुबह सात से दोपहर तीन बजे और नगरीय निकायों में सुबह सात से शाम पांच बजे तक होगा।

**नौ जनवरी को होगी मतगणना-** नगरीय निकायों की मतगणना नौ जनवरी को सुबह नौ बजे से होगी। पंचायत उप निर्वाचन में पंच पद के लिए मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केंद्र में ही होगी। सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्य की इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से होने वाली मतगणना नौ जनवरी को संबंधित विकासखंड मुख्यालय पर सुबह आठ बजे से की जाएगी। सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य पद के निर्वाचन परिणामों की घोषणा भी नौ जनवरी और जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणाम की घोषणा 11 जनवरी को की जाएगी।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बेस्ट गवर्नमेंट लेड असिस्टीव टेक्नोलॉजी अवार्ड से सम्मानित

**मुंबई।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 1 दिसंबर, 2023 को बेंगलुरु में आयोजित असिस्ट टेक फाउंडेशन (एटीएफ) अवार्ड्स 2023 में एनेबलर्स श्रेणी में ÷बेस्ट गवर्नमेंट लेड असिस्टीव टेक्नोलॉजी अवार्ड÷ प्राप्त किया. यह पुरस्कार बैंक को अभूतपूर्व पहल हेतु प्रदान किया गया है - यूनियन एक्सेस, डिजिटल एक्सेसिबिलिटी लागू करने तथा यूनियन स्पर्श, एक स्पर्शयुक्त ब्रेल डेबिट कार्ड जो दृष्टिबाधित ग्राहकों के लिए है. इस प्रतिष्ठित आयोजन में बैंक की सफलता न केवल प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की उसकी प्रतिबद्धता को उजागर करती है, वरन अधिक समावेशी और सुलभ बैंकिंग उत्पाद बनाने में उसकी भूमिका पर भी बल देती है।

# भोपाल, रायसेन, विदिशा में ओस गिरी, बूंदाबांदी के आसार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के कई शहरों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा रहा। भोपाल, रायसेन और विदिशा में ओस गिरी। शाजापुर में भी कोहरे के कारण विजिबिलिटी घट गई। सुबह से सर्द हवाएं चल रही हैं। मध्यप्रदेश में अगले तीन दिन तेज ठंड रहेगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि दिन और रात के तापमान में और गिरावट आएगी। अभी जबलपुर, सिवनी और उमरिया सबसे ठंडे हैं। यहां दिन का टेम्प्रेचर 20 डिग्री के नीचे चल रहा है। भोपाल, इंदौर में भी ठिठुरन बढ़ गई है।



मौसम विभाग के अनुसार तूफान मिचौंग कमजोर हो गया है, लेकिन नमी की वजह से प्रदेश में बादल छा रहे हैं। हवाओं का रुख उत्तरी होने से ठंड बढ़ रही है। कई शहरों में रात में भी तापमान में गिरावट आई है। तीन दिन बाद वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से एक बार फिर प्रदेश में मौसम बदलेगा। शुक्रवार को हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। प्रदेश में गुरुवार रात सागर सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम पारा 12.2 डिग्री दर्ज हुआ। पचमढ़ी में यह 15 डिग्री रहा। नर्मदापुरम में सबसे ज्यादा 20 डिग्री तापमान रहा।

### छंटने लगेंगे

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार छत्तीसगढ़ के आसपास बना चक्रवात कमजोर पड़ चुका है। इस वजह से शुक्रवार से भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, ग्वालियर, चंबल संभाग के जिलों से बादल छंटने लगेंगे। धूप निकलने से दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी और रात के तापमान में कमी आने लगेगी। इस तरह की स्थिति अभी दो दिन तक बनी रह सकती है। 11 दिसंबर को एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत के मौसम को प्रभावित करने लगेगा। उसके प्रभाव से मप्र के मौसम में एक बार फिर बदलाव होने के आसार भी हैं।

# दिल का दौरा पड़ने से साल 2022 में 1670 लोगों की मौत, 87 फीसदी पुरुष




**भोपाल।** तनाव, अनिद्रा और भाग-दौड़ की जिंदगी में हार्ट अटैक के मामले और इससे होने वाली मौतें बढ़ी हैं। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ताजा रिपोर्ट में सामने आया है कि इसमें पुरुष महिलाओं की तुलना में पांच गुना तक ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। प्रदेश में वर्ष 2022 में एक हजार 670 लोगों की मृत्यु दिल का दौरा पड़ने से हुई। इनमें एक हजार 477 यानी 86 प्रतिशत पुरुष थे।

हार्ट अटैक से होने वाली मौतों में मप्र देश में पांचवे नंबर पर है। सबसे अधिक 12 हजार 591 लोगों की मौत महाराष्ट्र में हुई। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में तीन हजार 434 लोगों की अचानक मौत हुई, इनमें 643 महिलाएं थी। एनसीआरबी की एक्सीडेंटल डेथ एवं सुसाइड इन इंडिया 2022 रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। स्टेट क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एससीआरबी) में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक चंचल शेखर ने बताया कि एनसीआरबी में हार्ट अटैक के वह मामले आते हैं जो किसी कारण से पुलिस के पास पहुंचते हैं।

प्रदेश में वर्ष 2022 में अलग-अलग कारणों से 15 हजार 386 लोगों ने खुदकुशी कर ली। यह महाराष्ट्र और तमिलनाडु के बाद सर्वाधिक है। देशभर में जितने लोगों ने जान दी, उनमें नौ प्रतिशत मध्य प्रदेश के थे। इसके बाद बंगाल और कर्नाटक है। वर्ष 2021 की तुलना में खुदकुशी करने वाले 2.8 प्रतिशत अधिक थे। प्रतिलाख आबादी में यह लगभग 18 प्रतिशत है। हालांकि, प्रदेश के महानगर इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में वर्ष 2021 की तुलना में इसमें गिरावट आई है।

### आत्महत्या के अलग-अलग कारण

एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में तीन हजार 217 यानी 20.9 प्रतिशत लोगों ने बीमारी और पारिवारिक समस्या के चलते खुदकुशी की। चिंता की बात यह है कि पिछले वर्ष एक हजार 340 विद्यार्थियों ने जान दे दी। इससे ज्यादा मात्र महाराष्ट्र और तमिलनाडु में थे। दांपत्य जीवन सही नहीं चलने के कारण 358 पुरुष और 755 महिलाओं, दहेज प्रताड़ना के चलते 479 महिलाओं, विवाहेत्तर संबंध के कारण 63 पुरुष और 66 महिलाओं और तलाक के चलते 24 पुरुष और नौ महिलाओं ने खुदकुशी कर ली। प्रेम प्रसंग में पड़ने पर 365 पुरुष और 251 महिलाओं ने जान दे दी।

# मप्र कांग्रेस में बड़े बदलाव की तैयारी, युवा अध्यक्ष और अनुभवी नेता प्रतिपक्ष का फॉर्मूला

**भोपाल।** विधानसभा चुनाव में मिली बड़ी हार के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस में बड़ा बदलाव हो सकता है। गुरुवार को कमलनाथ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की खबर आई। हालांकि, कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर इस खबर का खंडन कर दिया। यदि कमलनाथ प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देते हैं तो फिर नया प्रदेश अध्यक्ष कौन होगा? कांग्रेस में तीन से चार चेहरे हैं जो इस पद के दावेदार माने जा रहे हैं।

वहीं नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे डॉ. गोविंद सिंह भी चुनाव हार गए हैं। कमलनाथ, नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे, इस बात की संभावना भी बहुत कम है। ऐसे में दोनों पदों पर जातीय समीकरण के आधार पर नए चेहरों की नियुक्ति की संभावना ज्यादा है, क्योंकि चार महीने बाद लोकसभा चुनाव है। इसी को ध्यान में रखते हुए पार्टी फैसला लेगी।



### कमलनाथ की उम्र 75 पार, युवा चेहरे को मिल सकता है मौका

मध्यप्रदेश के चुनाव की पूरी कमान कमलनाथ के हाथ में थी। संगठन में नियुक्तियों से लेकर टिकट बांटने में उनकी अहम भूमिका रही। ऐसे में पुराने इतिहास को देखते हुए कहा जा रहा है कि वे प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे सकते हैं। 2003, 2008 और 2013 के चुनाव हारने के बाद कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष राधाकिशन मालवीय, सुरेश पचौरी और कांतिलाल भूरिया ने भी इस्तीफा दिया था। कांग्रेस पर नजर रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार रशीद किदवई कहते हैं- कमलनाथ के इस्तीफे की प्रबल संभावना इसलिए दिखती है, क्योंकि उनकी उम्र 75 साल से ज्यादा हो चुकी हैं और जिस तरह से विधानसभा चुनाव में हार हुई है ऐसी परिस्थिति में उनका प्रदेश अध्यक्ष बने रहना मुश्किल है।

### कमलनाथ प्रदेश अध्यक्ष पद छोड़ते हैं तो कौन दावेदार ?

कांग्रेस जातीय समीकरण और नए चेहरों पर दांव लगा सकती है। ऐसे में जीतू पटवारी, उमंग सिंघार जैसे युवा नेताओं को मौका मिल सकता है। ऐसा पहले भी हो चुका है। 1985 में राजीव गांधी ने दिग्विजय सिंह को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी थी। जबकि उस समय कांग्रेस की राजनीति अर्जुन सिंह, माधवराव सिंधिया और विद्याचरण शुक्ला जैसे कद्दावर नेताओं के इर्द-गिर्द घूमती थी। दिग्विजय सिंह नया चेहरा थे। उन्होंने इन सभी नेताओं से तालमेल बनाकर काम किया। परिणाम ये हुआ कि 1993 में कांग्रेस की सरकार बनी और दिग्विजय सिंह को मुख्यमंत्री बनाया गया।